www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 333 । नर्मदापुरम, सोमवार 10 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

ग्राम पंचायत में बनेगा 1 करोड़ की लागत से स्कूल : विजयपाल — पृष्ठ 2

पुरानी टीम में आधे भाजपा के : क्या इन्हीं के साथ अहमदाबाद अधिवेशन होगा? — पृष्ठ 4

1 लाख से अधिक का गांजा बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार — पृष्ठ 6

भीलों के साथ सरकार की दोस्ती पक्की, विकास के हर प्रयास करेंगे — पृष्ठ 8

### चैंपियंस ट्रॉफी : 12 साल बाद दोहराया इतिहास

# भारत बना विश्व विजेता, न्यूजीलैंड को हराया



**दुबई/नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने सातवीं बार आईसीसी टूर्नामेंट अपने नाम किया। 12 साल के बाद भारत ने इतिहास दोहरा दिया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए, इसके जवाब में भारत ने 6 गेंद शेष रहते खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बनाए। रविंद्र जडेजा ने भारत के लिए विजयी चौका लगाया। न्यूजीलैंड की टीम एक बार फिर फाइनल में हार गई है।

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कुछ गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद में एक रन ही बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। रोहित 83 गेंद में 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में 48 रन की पारी खेली। उन्होंने अक्षर के साथ 61 रन की साझेदारी की लेकिन 39वें ओवर में सैंटनर का शिकार बने। अक्षर 40 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या 18 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमीसन ने आउट किया। केएल राहुल ने 33 गेंद में नाबाद 34 रन की शानदार पारी खेली। रविंद्र जडेजा ने 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत की जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने सर्वाधिक 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा रचिन ने 37, ब्रेसवेल ने 41 रन बनाए। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए। पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की टीम को सलामी बल्लेबाज विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना सके। टॉम लैथम ने 30 गेंद में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई, बोले- भारतीय टीम सर्वश्रेष्ठ

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिष्ठित चैंपियन ट्रॉफी–2025 में भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार विजय पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने संपूर्ण टीम ने गजब का क्रिकेट खेला है। भारतीय टीम सर्वश्रेष्ठ है। फाइनल मुकाबला बहुत रोचक और रोमांचक था, लेकिन हमारे धुरंधर बल्लेबाज और सभी खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीतने के लिए पूरी जान लगा दी। भारतीय खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत को विजय श्री दिलवाने में सफल रहे। पूरा देश इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त राष्ट्रवासियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह और भी हर्ष और गर्व की बात है कि भारत ने तीन बार चैंपियन ट्रॉफी जीत कर इतिहास रचा है। दो बार स्वतंत्र रूप से और एक बार संयुक्त रूप से भारत ने यह स्पर्धा जीती है। इस तरह भारत दुनिया का एक मात्र देश है जिसे तीन बार चैम्पियन ट्रॉफी में विजय मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने न्यूजीलैंड के दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर हमारी सफलता के मार्ग को आसान किया। अन्य गेंदबाज भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे। इस तरह टीम भावना ने भारत को यह महत्वपूर्ण जीत दिलवाई।

### कुकी समूहों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ किया था आव्हान

# मणिपुर में बंद का दिखा मिलाजुला असर

### प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए व पत्थरों से सड़कें जाम की



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं। जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया। कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं और यहां आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहते नजर आए।

आईटीएलएफ ने कुकी जो काउंसिल द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था। आईटीएलएफ ने कहा कि कुकी–जो क्षेत्रों के माध्यम से मैतेई लोगों की आवाजाही की अनुमति देने के भारत सरकार के फैसले से कांगपोकपी में आंदोलन और विरोध हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। वहीं मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए हमलों में 27 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

# बोकारो में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद अलर्ट

- 10 किमी के दायरे में पोल्ट्री प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक
- 20 फरवरी से हो रही थी मुर्गियों की मौत

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो में बर्ड फ्लू से मुर्गियों की मौत की पुष्टि होने के बाद पशुपालन विभाग ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने संक्रमित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में मुर्गियों और सभी तरह के पोल्ट्री प्रोडक्ट की बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

पशुपालन विभाग ने असाधारण रूप से पक्षियों की मौत होने पर इसकी सूचना राज्य मुख्यालय को तुरंत देने का निर्देश दिया है। दूसरे राज्यों से आने वाले पोल्ट्री प्रोडक्ट और प्रवासी पक्षियों पर निगरानी के लिए सभी जिलों के पशुपालन पदाधिकारियों को अलर्ट किया गया है। बताया गया है कि बोकारो स्थित राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में 20 फरवरी से ही मुर्गियों की मौत हो रही थी। इनके सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे गए थे। शनिवार को आई जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है।

इसकी जानकारी मिलने पर केंद्र सरकार ने भी राज्य की सरकार को स्थिति पर निगरानी रखते हुए तमाम एहतियाती उपाय करने को कहा है। बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर रैपिड रिस्पांस टीम और क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है। रैपिड रिस्पांस टीम ने रविवार को प्रभावित पॉल्ट्री फॉर्म का दौरा किया और बर्ड फ्लू का प्रसार रोकने के लिए किए गए उपायों की जानकारी ली। बोकारो के जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज मणि ने रविवार को बताया कि संक्रमित प्रक्षेत्र में मुर्गियों को ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### विधानसभा अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

# बजट सत्र आज से, राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र की शुरुआत राज्यपाल मंगूभाई पटेल के अभिभाषण से होगी।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज सत्र की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे। 24 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल 9 बैठकें होंगी। 12 मार्च को उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे। सत्र के दौरान 5 विधेयक भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायकों और मंत्रियों के साथ पहले ही वर्चुअली बैठक कर उन्हें विपक्ष के सवालों का तथ्यात्मक जवाब देने के लिए कहा है। वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने आज विधायक दल की बैठक कर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। विधानसभा सचिवालय द्वारा दी गई ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### 12 को पेश किया जाएगा बजट

#### 4 लाख करोड़ से अधिक का हो सकता है बजट

इस बार मोहन सरकार का बजट करीब 4 लाख करोड़ से अधिक का हो सकता है। वर्ष 2024–25 का बजट 3.65 लाख करोड़ रुपए का था। आने वाले बजट में किसान, महिला, युवा, जनजातीय और आम जनता पर फोकस होगा। इसमें 2028 के सिंहस्थ, श्री कृष्ण पाथेय और राम वन गमन पथ को लेकर भी खासी राशि का प्रावधान किया जा सकता है।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है।

वहीं दूसरी ओर सरकार का जोर बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने, वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। उधर विपक्ष ने कहा कि वह फर्जी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस मुद्दे को उठाने में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधार वाले कदम उठाएगा। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को खारिज ▪ शेष पृष्ठ 8 पर


## हमारे प्रेरणा पुँज



**श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी**

(10 मार्च 1945 – 30 सितम्बर 2001)

पूज्यनीय महाराज,
आपने धर्म, कर्म, त्याग, स्नेह एवं
सद्व्यवहार के जो संस्कार दिए,
हमारे लिए जीने की शक्ति हैं.

**आज 80वें जन्म दिवस पर**
**शत् शत् नमन्**

**सिंधिया स्कूल**, द फोर्ट, ग्वालियर (स्थापना-1897)
**सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर**
**ए.एम.आई. शिशु मन्दिर, ग्वालियर**
**माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (सम विश्वविद्यालय), ग्वालियर**
**ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन, ग्वालियर**

ATUL


### सरकार निवेशकों को प्रदान कर रही हर संभव सुविधाएं

# ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अनुसंधान हब के रूप में उभर रहा मध्यप्रदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में न केवल निर्माण बल्कि नवाचार और अनुसंधान के हब के रूप में उभर रहा है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन और ऑटोमोबाइल सेक्टर को जबरदस्त गति मिल रही है। यह बात रविवार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

उन्होंने वैश्विक निवेशक सम्मेलन भोपाल के मंच से प्रदेश को इस क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में देश–विदेश की प्रमुख ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान में प्रदेश में 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माता कंपनियां कार्यरत हैं और 200 से अधिक कंपनियां वाहन कल–पुर्जों का निर्माण कर रही हैं। वाणिज्यिक वाहन निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी



राज्यों में शामिल है, जबकि बस और ट्रैक्टर निर्माण में यह दूसरे स्थान पर है।

डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान इलेक्ट्रो–ग्रेफाइट (एचईजी) ने 1,800 करोड़ के निवेश का करार किया। देवास में बनने वाले इस संयंत्र में ग्रेफाइट एनोड का उत्पादन होगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरियों की लागत में कमी आएगी और उद्योग को नया प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि पीथमपुर ऑटो–क्लस्टर लगभग 4,500 हेक्टेयर में फैला हुआ है और यह देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल केंद्रों में से एक बन चुका है। यहां फोर्स मोटर्स, आयशर मोटर्स, एवीटीएसी मोटर्स, काइनेटिक मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियां कार्यरत हैं। साथ ही, 60 से अधिक ऑटो कल–पुर्जा निर्माता कंपनियां यहां अपने उत्पाद बना रही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि एक्सपो में सुपर कार और सुपर बाइक प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न स्टार्ट–अप्स ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए, जिससे प्रदेश में नई तकनीकों के समावेश को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण, चार्जिंग अधोसंरचना और हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन में तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है। स्वच्छ और सस्टेनेबल ऑटोमोबाइल निर्माण को बढ़ावा देने के लिय राज्य सरकार विशेष नीतियां लागू कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए ऑटोमोबाइल और ईवी निवेशकों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य न केवल आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर होगा, बल्कि हरित ऊर्जा और सतत् विकास की दिशा में भी मिसाल कायम करेगा।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के संविधान में होगा संशोधन

● एडवोकेट रमेश के साहू संशोधन समिति के अध्यक्ष, 6 अन्य सदस्य शामिल

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के संविधान में संशोधन हेतु हाई पावर कमेटी के सुझाव पर प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू ने एडवोकेट रमेश के साहू (मुख्य सलाहकार) इटारसी की अध्यक्षता में संविधान संशोधन समिति का गठन किया है। उक्त आशय का कार्यालय आदेश महासचिव रमेश साहू बैरसिया ने जारी किया, जिसमें सुबोध कठर एडवोकेट जबलपुर, डॉ हेमराज साहू, ओम प्रकाश साहू 11 नंबर, हरिशंकर साहू, रमेश साहू बैरसिया एवं अनिल साहू अकेला को सदस्य के रूप में नामित किया है। उल्लेखनीय है कि 1965 में स्थापित मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा का पंजीयन 1976 में स्व. रेवाराम साहू कल्लू भैया लखपति की अध्यक्षता के दौरान कराया था। उसके बाद से अब परिस्थितियों बदलने के कारण संगठन के संचालन में अनको व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इस कारण संविधान संशोधन की आवश्यकता को महसूस किया गया है। संविधान संशोधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश के साहू ने बताया कि शीघ्र ही प्रस्तावित संशोधनों को प्रदेश संगठन को सौंपा जाएगा और आने वाले चुनाव संशोधित संविधान से होंगे। ज्ञात हो संविधान संशोधन समिति के गठन का अनुमोदन खंडवा की प्रादेशिक बैठक में एवं इंदौर में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक एवं आम सभा में संविधान संशोधन स्वीकृत करने के समस्त अधिकार प्रदेश अध्यक्ष एवं हाई पावर कमेटी को सौंपे जा चुके हैं।

### समाधान ऑन दा स्पॉट : नपा के राजस्व विभाग में बैठेगी टीम

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने समाधान ऑन दा स्पॉट करने की अभिनव पहल शुरु करने की तैयारी की है। शुरुआत इस बुधवार 12 मार्च को नगरपालिका राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। नपा के राजस्व विभाग में नगरपालिका अध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ रितु मेहरा, सभापति अमृता मनीष ठाकुर, आरआई व समस्त राजस्व विभाग का अमला सुबह 10 बजे से 6 बजे तक मौजूद रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि सभी एक ही स्थान पर बैठेंगे। यहां शहर के समस्त नागरिक जिन्हें भी नगरपालिका इटारसी के राजस्व संबंधी कार्य हैं, जिनके प्रकरण पेंडिंग हैं, दुकान किराया, मकान संपत्ति कर व अन्य कार्यों में आ रही समस्याओं का निराकरण यहां से किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक से निवेदन है जिन्हें भी राजस्व विभाग नगरपालिका संबंधी कार्य हैं वे बुधवार को अवश्य आएं।

### एक तिथि एक त्यौहार विषय पर हुई चर्चा



**हरदा, देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के तत्वावधान में रविवार शाम को सिध्दवीर हनुमान मंदिर परिसर में जिला ज्योतिष परिषद एवं सर्व संत एवं पुजारी ब्राह्मण महासंघ के ज्योतिष विद्वानों ने बैठक आयोजित कर एक तिथि एक त्यौहार विषय पर चर्चा की।इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी कर्मकांड पंडित,ज्योतिष विद्वानों का स्वागत किया।बैठक में वर्ष भर आने वाली तिथियों पर चर्चा की।इस दौरान तिथियों के विषय में पंडित हरिओम जोशी,पंडित आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित,पंडित विवेक मिश्रा,पंडित मुरलीधर व्यास,पंडित बलराम जोशी,पंडित विमल तिवारी,पंडित संजय शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।इस दौरान विद्वान पंडितो ने वार्षिक तिथियों पर सर्व सम्मति से निर्णय किया।इस दौरान पंडित नितेश शर्मा,पंडित लक्ष्मणाचार्य,पंडित मनीष चौरे,पंडित दीपक जोशी,पंडित दुर्गेश मिश्रा,पंडित कैलाश,पंडित संतोष भार्गव,पंडित सचिन साकल्ले,पंडित सुनील दाधीच,पंडित शिवशंकर पांडे सहित हरदा, टिमरनी,खिरकिया से विद्वान ज्योतिष उपस्थित थे।

### विधायक ने ग्राम सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने ने रविवार को ग्राम धुरगाडा पहुंचकर



ग्रामिणजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी व संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया । इसके पश्चात हरदा विधायक डॉ. दोगने ने ग्राम धुरगाडा में पंचायत निधि की 5 लाख रुपये की राशि से स्वीकृत सार्वजनिक सामुदायिक भवन टीन शेड सहित निर्माण कार्य का भूमि पूजन कांग्रेसजनों व ग्रामवासियों के साथ मिलकर किया । ग्राम को मिली उक्त सौगात के लिए ग्रामवासियों ने हरदा विधायक डॉ दोगने का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा,ग्राम सरपंच सुनील कहाटे,सचिव सुखराम, सालवे, रोजगार सहायक अर्जुन राजपूत, आनंद बादल, रामविलास बिजगावने,नानकराम दोगने शिवनारायण मोरछले विजेंद्र बादल बेनी सिंह सोलंकी पूनम यादव सहित समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य शिविर में हड्डी के सौ और लिवर संबंधी सवा सौ मरीजों की जांच हुई







**इटारसी, देशबन्धु।** श्री गुरुनानक मेडिकल सेंटर चामुंडा चौराह पर निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग प्रत्यारोपण एवं संबंधित समस्याओं का निवारण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसी दौरान लिवर फाइब्रोस्कैन मशीन के माध्यम से लिवर के मरीजों की भी जांच करके परामर्श एवं उपचार दिया गया। हड्डी रोगों से संबंधित मरीजों की जांच एवं परामश्च बोकहार्ड हास्पिटल नागपुर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकुंद अग्रवाल ने तथा लिवर रोग से संबंधित मरीजों को गुरुनानक मेडिकल सेंटर के डॉ. ताविश अरोरा ने उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। निःशुल्क हड्डी रोग शिविर में 110 मरीजों ने पंजीयन कराया और डॉ. अग्रवाल की सेवाएं प्राप्त कीं। शिविर में आये सभी मरीजों को सभी प्रकार के हड्डी संबंधित दर्द, गठिया से संबंधित मरीजों सहित अन्य मरीजों की जांच, उपचार एवं परामर्श दिया। यह शिविर प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक चला। शिविर में एक्सरे पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

लिवर फाइब्रोस्कैन मशीन से अत्यंत कम दरों पर मरीजों की जांच करके परामर्श एवं उपचार दिया। लिवर संबंधित जांच 132 लोगों ने करायी। डॉ. ताविश अरोरा ने इन मरीजों को मशीन से जांच के बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। इसमें फैटी लिवर से संबंधित जांच की गई।

सौंसारखेड़ा ग्राम पंचायत में पहुंचे सांसद- विधायक, दी सौगात

# ग्राम पंचायत में बनेगा एक करोड़ की लागत से स्कूल : विजयपाल

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सौंसारखेड़ा पहुंचे सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हित में निरंतर काम कर रही है। अब गेहूं का समर्थन मूल्य कर 2600 रुपए दिया गया है एवं किसानों को अब 5 रुपए में स्थाई कनेक

सांसद चौधरी ने कहा कि अब किसानों को कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं है। 5 लाख का इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत हो रहा है, पूर्व की सरकारों द्वारा 1-2 मकान आते थे और लोगों को वर्षों तक इंतजार करना पड़ता। अब 2029 तक एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा, जिसे प्रधानमंत्री आवास का लाभ न मिला। हर पात्र व्यक्ति तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। दर्शन सिंह चौधरी द्वारा कहा गया कि हमारे बीच एक ऐसी नेत्री उपस्थित है जिनके पिता देनवा के गांधी के नाम से जाने जाते थे, उन्होंने इस क्षेत्र में नहर का जाल बिछाया और किसानों को सीधे तौर पर अब फसलों में जो फायदा हुआ है वह अद्वितीय है।

विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने 65 लख रुपए के उप स्वास्थ्य केंद्र का



भूमि पूजन किया। ग्राम पंचायत में एक करोड रुपए से स्कूल में निर्माण की बात घोषणा की। विधायक ने कहा कि लिए बेहतर शिक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार के विकास कार्य निरंतर जनता के हित में करती रही है एवं आगे भी करेगी। इसी बीच शोभापुर में सीएम राईज स्कूल स्वीकृत करने की घोषणा की। जिसका उद्घाटन शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा किया जाएगा। विधायक द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजक दामोदर प्रजापति से कहा कि आप किसी प्रकार से चिंता ना करें हर एक विकास कार्य किया जाएगा।

पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने क्षेत्र के विकास की चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक समय था जब यहां पर रास्ते नहीं थे, पैदल चलकर आना पड़ता था, कीचड़ हुआ करती थी, परंतु यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो आपको निरंतर विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं। किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष दामोदर प्रजापति ने बतायाकि मनीष जैन परिवार द्वारा उनके पिता की स्मृति में इस उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए भूमि दान में दी गई, इसके लिए संपूर्ण ग्राम उनका आभार व्यक्ति करता है। ग्रामीणों को संबोधित करने के बाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, दामोदर प्रजापति के घर पहुंचे, तत्पश्चात सभी अतिथि मनीष जैन के निवास स्थल पर पहुंचकर माता के लिए रवाना हुए।

उक्त कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष सोहागपुर अश्वनी सरोज, जिला उपाध्यक्ष विनीत भार्गव, मंडल महामंत्री शरद कुमार दुब, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शोभापुर सुदीप कुमार दुबे, आकाश रघुवंशी नगर परिषद उपाध्यक्ष सोहागपुर, यशवंत पटेल नगर परिषद सोहागपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि, संजय पटेल जनपद सदस्य, आशीष विश्वकर्मा पार्षद, विजेंद्र राजपूत किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहागपुर संजीव ठाकुर, निर्मल रघुवंशी, भारत रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि बरुआढाना, रमजान खान, प्रदीप ठाकुर अशोक ठाकुर भारत जी पटेल पलाखेड़ी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रामबाबू पटेल, हरनाम सिंह ठाकुर, भैया लाल प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, मनोहर प्रजापति, हेमंत प्रजापति, नारायण प्रजापति, बीरन ठाकुर, पवन ठाकुर, गोविंद ठाकुर सीएमएचओ दिनेश देहलवारकर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर संदीप किरकिरा नायब तहसीलदार, बीईओ रामभरोस चौधरी, परियोजना अधिकारी जंसिता तिग्गा, नारायण प्रजापति विपिन प्रजापति सुकुमार प्रजापति, बहादुर ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, ग्राम पंचायत सचिव मोहन साहू ग्राम रोजगार सहायक रामकुमार भार्गव, एएनएम, सीएमओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिला शक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित है।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पक्षी सर्वे शुरु



**सोहागपुर, देशबन्धु।** सतपुडा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम् अन्तर्गत तीन दिवसीय सांतवे पक्षी सर्वे की शुरुआत मड़ई मे क्षेत्र संचालक श्रीमती राखी नंदा एवं उपसंचालक सुश्री पूजा नागले की उपस्थिति मे हुई। पक्षी सर्वे संस्था वाइल्ड वरियर इंदौर के सहयोग से किया जा रहा है। सर्वे मे मध्य प्रदेश व अन्य 11 राज्यों (छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तेलंगना, झारखण्ड, दिल्ली ) से आये 76 प्रतिभागियों व 8 स्थानीय प्रकृति गाइड, टाइगर रिज़र्व के समस्त स्टाफ द्वारा भाग लिया जा रहा है। पक्षी सर्वे मे 2 प्रतिभागियों की टीम टाइगर रिज़र्व के विभिन्न 38 केम्पो मे रहकर सुबह व शाम पक्षियों की गणना करेगी। सर्वे के शुभारम्भ के अवसर पर सतपुडा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम् के समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी व संस्था वाइल्ड वरियर इंदौर के डायरेक्टर सचिन मटकर, स्वपनिल फणसे , रीतेश खाबिआ, अंशुमन शर्मा एवं वन परिक्षेत्र कामती के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। पक्षी सर्वे का समापन 11 मार्च को मड़ई मे किया जायेगा।

## आजकल महिलाएं समाज की मुख्य धारा का अंश है : डॉ सिद्दीकी



**इटारसी, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा कॉलेज सुखतवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि डॉ आशिया सिद्दीकी, डॉ अपेक्षा भावसार थीं। प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चौरसिया ने अध्यक्षता की। डॉ सौरभ तिवारी, श्रीमती संध्या उपाध्याय विशेष रूप से मौजूद थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ अपेक्षा भावसार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में अध्यनरत लड़कियों को अपने माता-पिता की इच्छाओं की पूर्ति करने लगातार मेहनत करनी चाहिए। डॉ आशिया सिद्दीकी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं पुरुष से कभी और कहीं भी कम नहीं है। डॉ सौरभ तिवारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अंदर की शक्ति स्वयं को जानना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शक्ति के रूप में बताया। श्रीमती संध्या उपाध्याय ने कहा कि आज हम उस स्थिति में आ पहुंचे हैं कि हर कार्य को करने में हम अपनी जी जान लगाते हैं और उसे हासिल करके ही रहते हैं।

अध्यक्षीय भाषण में प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चौरसिया ने कहा कि आजकल महिलाएं घर ही नहीं बल्कि बाहर भी बहुत सारे क्षेत्र में हर कदम में आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज 48 प्रतिशत महिलाएं पुरुषों के साथ हर कार्य में आगे बढ़ रही है, और हर काम में हाथ बंटा रही हैं। इस दौरान कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने उपस्थित अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ प्रवीण कुशवाहा, डॉ वेद प्रकाश भारद्वाज, डॉ धीरज गुप्ता, सुश्री तनिषा साहू, श्रीमती शकुन भलावी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के साथ अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राधा आशीष पांडे ने किया तथा आभार डॉ. सतीश ठाकरे ने ज्ञापित किया।

## मानव समाज की विकास गाथा महिलाओं के जीवन स्तर में विकास का पर्यायवाची

### शिक्षा एवं आर्थिक स्वतंत्रता हीं महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कवच

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया। मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा रहीं। वात्सल्य हॉस्पिटल से डॉ पूजा गुप्ता, महिला उद्यमी एवं अनन्या फूड के संचालिका श्रीमती अभिलाषा सिलाकारी, वार्ड संख्या 31 के पार्षद श्रीमती मनीषा अग्रवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रीना गौड प्रमुख थे।

प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने महिलाओं को आधा आसमान कहकर संबोधित किया एवं कहा कि मानव समाज की प्रगति और सभ्यता का विकाश के साथ महिलाओं के



अधिकारों का संघर्ष समानांतर चली है एवं दोनों में सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उन्होंने नारी का मुख्य हथियार शिक्षा को कहते हुए अधिकारों की रक्षा की लिए आर्थिक स्वतंत्रता को अपरिहार्य बताया। सीएमओ रितु मेहरा ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रीना गौड़ ने समाज में हिंसा का कारण महिलाओं का अशिक्षित होना एवं महिलाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया। उद्यमी अभिलाषा सिलाकारी ने विषम परिस्थितियों में भी महिलाओं के संघर्ष एवं आमदनी के स्रोत का उपार्जन करना और इसमें जीवन साथी का पूर्ण सहयोग का चर्चा स्वयं के जीवन से उदाहरण के रूप मे पेश कियाद्य उन्होंने पोषण एवं अच्छा स्वास्थ्य के बारे में महिलाओं को जागरूक किया।

वार्ड 31 की पार्षद मनीषा अग्रवाल ने महिलाओं की राजनीतिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविंद शर्मा ने महिलाओं को त्याग की देवी कहकर संबोधित किया। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि तिवारी ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक गतिविधियों का प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ अर्चना शर्मा ने महिलाओं के प्राचीन काल से वर्तमान काल तक महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। वरिष्ठ प्राध्यापक सुशीला वरबड़े ने कहा कि समाज की उन्नति प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं की उन्नति से संबंधित है। कॉलेज के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक सुसेन मनोहर, डॉ असुनता कुजूर, डॉक्टर ओपी शर्मा, डॉ पीके अग्रवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन शिखा चंद्रवंशी ने एवं आभार प्रदर्शन कम्प्यूटर विभाग के फैकल्टी सुषमा सागर ने की।

## मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया

**इटारसी, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आरोग्य मंदिर निमसाड़िया ब्लॉक डोलरिया में संगत संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया। दीप्ति दुबे ने संगत संस्था एवं मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में डीपीएम डॉ. कविता ने आशाओं एवं गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया और कहा, गर्भावस्था के दौरान भी वह तनावग्रस्त रहती है, डिप्रेशन का शिकार हो सकती हैं, यह कोई बीमारी नहीं है, आपस में बात करके इनसे निजात पाया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास से सीडीपीओ इटारसी दीप्ति शुक्ला ने भी महिलाओं एवं आशाओं को बताया कि जब भी गर्भवती महिला या धात्री महिला परेशान होती हैं तो आपस में सहयोग करके उनकी मदद की जा सकती है।



जनपद सदस्य सुकून पटेल ने कहा कि आपको कोई भी मदद की जरूरत हो तो आप हमसे बोलें हम आपकी मदद करेंगे। कार्यक्रम में सरपंच बालेंद्र पटेल, बीएमओ आरके मीणा, डीसीएम शैलेंद्र शुक्ला, जिला मूल्यांकन एवं अनुसरण अधिकारी अनुष्का मालवीय, बीईई आरपी कुशवाहा, नीतू नागराज, मेघा वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर शहरी क्षेत्र चित्रा राठौर, अरुण चौरे, एमपीएस संतोष अहिरवार, एमपीडब्ल्यू सुखवंती धुर्वे, अनामिका वर्मा, आरती राजपूत, सविता अहिरवार, जानकी, सविता चौरे, कुमोद पटेल, गंगा बाई रैकवार, पूजा चौरे आदि मौजूद थीं। ग्राम निमसाड़िया में शकुन पटेल जिला पंचायत सदस्य भी मौजूद रहीं। संचालन एडीसी एचसीएल निशा परनामी ने किया। मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दीप्ति दुबे द्वारा लोगों को जागरूक किया। डॉ वंदना शुक्ला डीसी संगत ने आभार प्रदर्शन किया। सुपरवाइजर आदर्श मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# मिले सुर मेरा तुम्हारा ग्रुप ने किया 11 महिला गायिकाओं का सम्मान









**इटारसी, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगीत प्रेमियों के ग्रुप 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' ने इटारसी शहर की 11 नामचीन महिला गायिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का आयोजन श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में किया था। सभी गायिकाओं को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, उनकी पत्नी श्रीमती निधि चौरे और वरिष्ठ पत्रकार सुश्री मंजू ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संगीत की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य अखिल दुबे, जुगल किशोर शर्मा, अशोक तिवारी, अनुराग दीवान, चंद्रेश मालवीय, पंकज गुप्ता, धनराज खाड़े, रोहित नागे, कृष्णा राजपूत, आशीष चौधरी और बालकृष्ण मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन चंद्रेश मालवीय ने तथा आभार अशोक तिवारी ने व्यक्त किया।

**इनका किया सम्मान** -श्रीमती राधिका राणा, श्रीमती अर्चना शुक्ला, श्रीमती श्वेता पगारे, श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, श्रीमती वंदना चौधरी, श्रीमती पूजा राजपूत, श्रीमती आशामणि प्रजापति, सुश्री राशि खाड़े, सुश्री वंदना कुशवाह, सुश्री वंदना चौरे, सुश्री तनिष्का शर्मा का सम्मान किया गया।

**सुर भी साधे गये** -जिन 11 महिला गायिकाओं को सम्मानित किया गया, उन सभी ने उपस्थित लोगों को एक-एक मधुर गीत भी सुनाये और कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। सभी गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए तो दो घंटे का समय कैसे गुजर गया, पता नहीं चला। सभी ने सम्मानित करने पर मिले सुर मेरा तुम्हारा ग्रुप को धन्यवाद भी दिया।

**विशेष सम्मान इनको** - पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पानी बचाओ संस्था की श्रीमती अर्चना विनोद चौधरी को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीमती चौधरी ने कार्यक्रम स्थल पर पानी का स्टॉल के साथ पानी बचाने, पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश देती प्रदर्शनी भी लगायी थी। उनके पति और रेलवे में चीफ यार्ड मास्टर विनोद चौधरी, बच्चे अनुष्का और आयुष चौधरी ने भी जलसेवा में उनका साथ दिया। सभी ने उपस्थित लोगों को स्टील के गिलास में पानी सर्व किया। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने इनको सम्मानित किया।

# सुदूर सड़क निर्माण में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से हो रहा कार्य, शिकायत पर तत्कालीन जनपद सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** ग्राम पंचायतो में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजदूरों के लिए बनाई गई मनरेगा योजना अब सरपंच सचिव की कमाई का जरिया बन गई है। बल्देवगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी, खरों, एवं चौबारा में सरपंच सचिव द्वारा मनरेगा योजना से किए जा रहे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन ग्राम पंचायतों में कई माह पहले जेसीबी मशीनों से हुए निर्माण कार्यों पर अब सरपंच सचिव फर्जी मजदूरों के नाम फर्जी मस्टर रोल जारी कर सरकारी धनराशि को ठिकाने लगा रहे है। मनरेगा योजना के काम जेसीबी मशीन से होने पर जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की वजह सरपंच सचिव एवं उपयंत्री को खुला संरक्षण दे रहे है। यही कारण है कि सेक्टर प्रभारी उपयंत्री सहित सरपंच सचिव के हौसले बुलंद हैं। और केवल कागजों में ही मजदूरो को मजदूरी कर रहे हैं। लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी, खरों एवं चौबारा सरपंच सचिव कार्यवाही करने कतरा रहे हैं।




## केस नंबर 1

ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी में मनरेगा योजना से स्वीकृत सुदूर सड़क रोड का निर्माण कार्य बजने सामुदायिक भवंन से स्कूल की ओर तक 2023 में जेसीबी मशीन से किया गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा तत्कालीन जनपद सीईओ प्रभास राज घनघोरिया से की गई थी। शिकायत पर तत्कालीन जनपद सीईओ ने जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे और इस रोड के मास्टर जारी करने पर रोक लगाई थी। लेकिन सरपंच सचिव द्वारा जनपद के जिम्मेदारों के संरक्षण में फिर से इसी सुदूर रोड पर फर्जी मजदूरों के नाम फर्जी मास्टर रोल जारी किए जा रहे हैं। रविवार को इस सड़क पर 30 मजदूरों ऑनलाइन मास्टर रोल में कम पर हैं। लेकिन जब हमारी टीम ने मौके पर जाकर देखा तो दूर-दूर तक एक भी मजदूर काम पर नजर नहीं आए हैं।

## केस नंबर 2

ग्राम पंचायत खरों में खेत सडक का निर्माण कार्य ग?वाल बाबा के पास से भुवन लोधी के खेत की ओर तक 24 लाख 90 हजार रुपए की लागत से मनरेगा योजना से स्वीकृत खेत सड़क रोड का निर्माण कार्य मजदूरों से कराया जाना प्रस्तावित है लेकिन सरपंच सचिव द्वारा उपयंत्री से मिली भगत कर जेसीबी मशीन से इस रोड का निर्माण कर कर दिया गया है। जेसीबी मशीन चलाते समय रोड का वीडियो वायरल भी हुआ था और हमारी टीम द्वारा वह वीडियो एसडीएम को उपलब्ध कराया गया था। और अब फर्जी मस्टर रोल जारी कर फर्जी मजदूरों के नाम राशि निकाली जा रही है। रविवार को सुदूर सड़क पर 40 मजदूर ऑनलाइन मास्टर में भरे हैं लेकिन मौके पर एक भी मजदूर खेत सड़क रोड के कम पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का काम तो जेसीबी मशीन से रातों रात किया गया है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं।

## केस नंबर 3

ग्राम पंचायत चौबारा में बाहोबाई से फूटा नाले तक 16 लाख 48 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत सुदूर सड़क रोड के निर्माण कार्य सरपंच सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुदूर रोड पर एक वर्ष जेसीबी मशीन से मिट्टी डाली गई थी। अभी जेसीबी मशीन से इस रोड का निर्माण कार्य किया गया है। मजदूर तो यहां कभी कम पर आते ही नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां के सरपंच सचिव फर्जी मजदूरों के नाम मास्टर रोल जारी कर सरकारी धनराशि ठिकाने लगा रहे हैं। इस काम में जनपद के जिम्मेदार अधिकारी उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। जब लोगों से पूछा कि आज रविवार को इस सड़क पर ऑनलाइन मस्टर में 10 लोग काम कर रहे हैं, तो लोग हंसने लगे और बोले यहां एक दो मजदूर तो कम पर आती नहीं है, तो 10 कहां आएंगे। यहां पर सब फर्जी बड़ा किया जा रहा है

जब हमारी टीम ने रविवार को ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी, खरों, एवं चौबारा में पहुंच कर देखा तो निर्माण कार्यों पर एक भी मजदूर काम पर नहीं दिखाई दिए। लेकिन ऑनलाइन मजदूर काम कर रहे थे। तब पता चला कि कागजों में ही मजदूरों को मजदूरी दी जा रही है। लेकिन मौके पर एक भी मजदूर काम पर मौजूद नहीं है। और प्रतिदिन मजदूरों के नाम फर्जी मास्टर रोल जारी किए जा रहे हैं।

## इनका कहना है

अगर ग्राम पंचायत में कागजों में फर्जी मजदूर काम कर रहे हैं तो जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी

**भारती मिश्रा** एसडीएम बल्देवगढ़

# ड्राइवर की लापरवाही से अनियंत्रित टैक्सी पलटी, दिल्ली से लौट रहे 6 मजदूर घायल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टैक्सी ड्राइवर की लापरवाही से टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दिल्ली से लौट रहे 6 मजदूर घायल हो गए। डायल-100 की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के लवकुश होटल के पास हुई है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। हादसे में घायल नारायण ने बताया कि सभी लोग दिल्ली से मजदूरी करके अपने गांव धर्मपुरा लौट रहे थे। ये सभी ट्रेन से टीकमगढ़ स्टेशन पर उतरे थे। इसके बाद एक टैक्सी किराए पर ली थी। टैक्सी ड्राइवर लापरवाही से ड्राइविंग कर रहा था। इस दौरान वह गुटखा थूक रहा था, जिससे टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 6 मजदूर घायल हो गए। जिनका इलाज बड़ागांव अस्पताल में चल रहा है। बड़ागांव थाना प्रभारी एमपी सिंह गोंड ने बताया कि सभी घायलों को डायल-100 से नजदीकी बड़ागांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज जारी है। ज्यादातर लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पिता-पुत्र ने लोगों के साथ की लाखों की धोखाधड़ी, पीड़ित महिला ने थाने में की शिकायत

**पलेरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में पूर्व में एलजेसीसी नामक कंपनी के द्वारा लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी के मामले सामने आए हैं जिसमें जिले भर में एलजेसीसी नामक चिट फंड कंपनी के संचालकों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया था और उनके ऊपर कार्यवाही भी की गई थी। पलेरा में भी सैकड़ो लोगों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी हुई है, जिसको लेकर एक महिला ने पलेरा थाने में शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित महिला सुमन पांडे के द्वारा शिकायती पत्र में बताया कि अवनीश अरजरिया व उनके पिता हरिहर शरण अर्जरिया के द्वारा एलजेसीसी कंपनी में दोगुनी रकम करने का प्रलोभन देकर डेढ़ लाख रुपए महिला से जमा कराए गए। जिसमें पीड़ित महिला ने सन 2018 से पैसे जमा किए, लेकिन जब महिला की मैच्योरिटी पूरी हुई और पीड़ित ने अपने पैसे मांगे गए, तो अवनीश अर्जरिया उनका पिता पलेरा छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने कहा कि अवनीश अर्जरिया का पिता शासकीय कर्मचारी था जिसे अब पेंशन भी मिल रही है। उक्त पेंशन की राशि से उसकी राशि वापस दिलाई जाए। साथ ही लोगों की रकम अब वापस नहीं हो रही है। जिस पर पीड़ित महिला ने पलेरा थाने में आवेदन दिया है और थाना प्रभारी से मामले में उचित कार्रवाई की मांग कर अपनी राशि वापस दिलाए जाने की मांग की है। वहीं पलेरा पुलिस के द्वारा आवेदन लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



# बस ने बलेनो कार में मारी जोरदार टक्कर, एयरबैग खुलने से कार सवारों की बची जान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगतनगर के पास आज सुबह करीब 11 बजे बस ने बलेनो कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार लोगों को चोटें आ गई। गनीमत रही कि टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए और इस सड़क दुर्घटना में कार सवार लोग बाल बाल बच गए। इस टक्कर में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर मोहनगढ़ पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मोहनगढ़ पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगतनगर के पास आज सुबह करीब 11 बजे मस्तापुर से टीकमगढ़ जा रही बस ने बलेनो कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार लोगों को चोटें आ गई। फरियादी याघवेंद्र पटेल निवासी दमोह जो बीमा कंपनी में कार्य करते हैं। वह अपने तीन साथियों के साथ बलेनो कार से मस्तापुर तरफ जा रहे थे। उसी दौरान ग्राम जगतनगर के पास बस चालक ने बस को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए इनकी कार में समाने से टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार लोगों को चोटें आ गई व कार क्षतिग्रस्त हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## एसपी ने पुलिस की दैनिक कार्रवाई की सराहना, उत्कृष्ट सेवा करने पर किया प्रोत्साहित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस लाइन परिसर में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्र के 547 नगर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी नगर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया एवं उनकी पुलिस की दैनिक कार्यवाही में भूमिका की सराहना करते हुए अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को बताया। साथ ही समस्याओं को जानकर यथोचित समाधान करने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में एएसपी सीताराम, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे,रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी लिधोरा निरीक्षक एस बाजपेयी, थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक अमित साहू, थाना प्रभारी बमहोरी कलाँ उप निरीक्षक रश्मि जैन, थाना प्रभारी दिगोड़ा उप निरीक्षक नीरज सिंह लोधी सहित 547 ग्राम, नगर रक्षा समिति के सदस्य,पुलिस लाइन के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं एवं महिलाओं का सम्मान



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सेकंड चांस प्रोग्राम द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्ययनरत बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं और महिलाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैलाश कुमार पटेल (पुलिस विभाग), अंकुर साहू (डॉक्टर), जितेंद्र प्रजापति (सरपंच, पहाड़ी), पूजा श्रीवास्तव (प्रौढ़ शिक्षा विभाग), विभा श्रीवास्तव (मंडल अध्यक्ष) और स्टेट टीम से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जितेंद्र, आशीष त्रिपाठी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण बन गया। इस आयोजन में 220 छात्राएँ एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### सेकंड चांस प्रोग्राम

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित सेकंड चांस प्रोग्राम उन बालिकाओं और महिलाओं को दोबारा पढ़ाई का अवसर प्रदान करता है, जो किसी कारणवश कक्षा 10वीं की पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं। इस समय 6 क्लस्टरों में लगभग 200 छात्राएँ इस कार्यक्रम के माध्यम से 10वीं की परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में राजेंद्र प्रजापति एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, अनामिका मिश्रा, गरिमा पाठक, गीता अहिरवार, मोनिका बुंदेला, नीरज यादव एवं पवन अहिरवार ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को न केवल शिक्षा के प्रति जागरूक किया, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी दी। सेकंड चांस प्रोग्राम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## पटवारी संघ खरगापुर तहसील के कैलाश नारायण सौर बने अध्यक्ष



**खरगापुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ खरगापुर के तत्वाधान में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर एक बैठक आयोजित की। तहसील सभागार में मंगलेश्वर सिंह बघेल और कुड़ीला नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार मौजूद रहे। बैठक में मौजूद जिले की नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष महेश राजपूत, सहदेव साहू, रविकांत स्वर्णकार की अध्यक्षता में खरगापुर तहसील अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन कराया गया। तहसील सभागार में उपस्थित पटवारियों की सर्वसम्मति से धर्मदास अहिरवार, प्रहलाद बागवार ने समर्थन कर कैलाश नारायण सौर को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष बने। तत्पश्चात तहसील कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें सचिव प्रहलाद बागवार, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मदास अहिरवार, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन, विनोद चढ़ार, संरक्षक प्रेमनारायण यादव, रतिराम सौर, लल्लू लाल गौण, बृजेंद्र गौतम, संगठन मंत्री सोहेल खान, जीतेंद्र घोष, संयोजक मंत्री दयाराम कुशवाहा, प्रवक्ता इरसाद मोहम्मद, श्रीमती दिव्या पाठक, गोविंद प्रजापति, सुरेंद्र चोकोटिया, प्रचार मंत्री श्रीमति प्राची जैन,अखंड यादव, अखिलेश उपाध्यक्ष,मीडिया प्रभारी बृजेश अहिरवार, कृष्णकांत अहिरवार, इलियास खान, आजीवन सदस्यता प्रभारी जितेंद्र घोष, पवन जाट और अनुशासन समिति सदस्य शिवम तिवारी को बनाया गया है।

### पीड़ित ने की कलेक्टर-एसपी से की न्याय की गुहार

# तहसीलदार ने किसान के साथ की मारपीट, जातिगत अपमानित करने का लगाया आरोप



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ तहसील में पदस्थ तहसीलदार अरविंद्र यादव ने किसान से की मारपीट और जातिगत अपमानित करने का मामला सामने आया है,कि जिसकी शिकायत पीड़ित किसान ने कलेक्टर और एसपी शिकायत कर न्याय की मांग की। पीड़ित किसान रमेश, रज्जू बंशकर ने लुहर्रा निवासी ने बताया कि 6 मार्च को जमीन को लेकर तहसील न्यायालय बल्देवगढ़ में पेशी थी। बल्देवगढ़ तहसील न्यायालय में 6 मार्च को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस चल रही थी। उसी बीच में रमेश ने कहां जो लोग उपस्थित नहीं थे, उनकी गवाही क्यों ली जा रही है। इतना सुनने के बाद तहसीलदार आग बबूला होकर जातिगत अपमानित और चांटा मार दिया। राजाराम बंशकर ने इसका बीच बचाव किया, तो उसके साथ भी धक्का मुक्की कर दी। इसके बाद तहसीलदार द्वारा पुलिस को बुलाकर पुलिस थाने भिजवा दिया गया। तहसीलदार ने कहा कि शिकायत की तो प्रकरण निरस्त करने की धमकी देने से दहशत खाए हुए शिकायतकर्ता ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगा रहे है कि बल्देवगढ़ तहसीलदार पर कठोर कार्रवाई मांग की है।

## इनका कहना है-

6 मार्च को जमीन के मामले में न्यायालय में पुलिस अभिरक्षा में महिला धर्मकुंवर ठाकुर द्वारा बयान दे रही थी। वहीं गवाह को रोकना एक अपराध है। ये किसान थे इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की है, नहीं तो इनको जेल भी भेज सकते थे। दोनों पक्षों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए थाने पत्र भेजा।

**अरविंद यादव**
तहसीलदार, बल्देवगढ़

नर्मदापुरम, सोमवार 10 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कांग्रेस: देर आयद दुरुस्त आयद

अपने दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर राहुल गांधी ने जो कहा वह उन्हें काफी पहले कहना चाहिये था और अब वे जो करने का कह रहे हैं उन्हें बिना विलम्ब किये कर देना चाहिये। लोकसभा के भीतर राहुल ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी है कि कांग्रेस गुजरात में भाजपा को सत्ता से हटायेगी। लोकसभा चुनाव के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस को वैसी सफलता नहीं मिली जो राहुल के दावे के आसपास भी कहीं हों। हालांकि राहुल ने जब भाजपा को हराने की बात कही थी तब उनका आशय विधानसभा चुनावों से था जो पहले ही हो चुके थे और अगला चुनाव होने में अभी काफी वक्त है। वह 2027 में होगा।

विधानसभा 2027 और लोकसभा 2029 में। गुजरात में राहुल का दो दिन बिताना कई संकेत दे रहा है। पहला तो यह है कि अब कांग्रेस आखिरी लम्हों में काम शुरू करने की बजाय काफी पहले से काम शुरू करने की आदत डाल रही है जो सम्भवत: अपनी पिछली गलतियों से मिली सीख है। गुजरात में शुक्रवार को उन्होंने नेताओं और पार्टी सदस्यों से मैराथन मुलाकातें कीं। फिर दूसरे दिन (शनिवार) कार्यकर्ताओं को जो सम्बोधन किया, वह बेहद महत्वपूर्ण है और उसका ताल्लुक केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। राहुल ने भीतरघात करने वाले कांग्रेसियों को साफ कर दिया कि 'वे भाजपा की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय बाहर चले जायें।' राहुल या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सामान्यत: जो नहीं कहता था या अब तक नहीं कहा था वह पहली बार उन्होंने साफ-साफ कह दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी हितों के खिलाफ काम करने वाले 10-20 ही नहीं 40 लोगों को भी निकालना पड़े तो उसके लिये संगठन तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि 'कांग्रेस के कार्यकर्ता बब्बर शेर हैं पर उन्हें बांधकर रखा गया है।' उनका इशारा उन पदाधिकारियों और नेताओं की ओर था जो या तो निष्क्रिय हैं अथवा अपनी बातों या कामों से प्रत्यक्ष-परोक्ष व सायास-अनायास भाजपा की मदद करते हैं।

सच यही है कि कांग्रेस अपनी अंदरूनी बीमारी से लम्बे समय से जूझ रही है जिसने उसे बाहरी आक्रमणों की बजाय कहीं अधिक नुकसान पहुंचाया है। ऐसे लोगों की लम्बी फेहरिस्त है जिनके कारण पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचा है। राजीव गांधी की मृत्यु के बाद से ही कांग्रेस की यह दिक्कत शुरू हो गयी थी। ऐसे वक्त में जब पूरी पार्टी को एकजुट होकर खड़े होना था, सोनिया गांधी के विदेशी मूल को लेकर पार्टी के तीन बड़े नेताओं- शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बना ली जो एक व्यर्थ की कवायद साबित हुई क्योंकि बाद में डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व की दोनों यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस सरकारों में एनसीपी शामिल हुई और अब वह प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया में है जिसका नेतृत्व कांग्रेस करती है। तारिक पार्टी में लौट आये जो अब कटिहार के सांसद हैं। जो नुकसान होना था, हो गया क्योंकि पार्टी टूटी थी तथा विदेशी मूल के भाजपायी विमर्श को प्रोत्साहन मिला था। कांग्रेस की पिछले तीन-साढ़े तीन दशकों की यात्रा में कई लोगों ने अपने बयानों से पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां उन लोगों की बात नहीं हो रही है जिन्होंने खुद या उनके पुरखों ने कांग्रेस से सब कुछ पाया- पद, रूतबा, सम्पन्नता, लेकिन जब मोदी-शाह की जांच एजेंसियों का डंडा चलने का खतरा नज़र आया, उन्होंने सीधे भाजपा कार्यालय का रूख किया। इनमें असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा से लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाले के आरोपी अशोक चव्हाण जैसे हैं जो ईडी की पहली घुड़की में ही पार्टी छोड़ गये। पार्टी के भीतर ही जी-23 जैसा आंतरिक गुट बनाया गया।

कांग्रेस के पास जो बुद्धिजीवी हैं उनकी राजनीतिक समझ पर तरस ही खाया जा सकता है जो इस बात की तनिक भी सावधानी नहीं रखते कि उनके किस कहे-लिखे से दल को क्या नुकसान हो सकता है। जिस मणिशंकर अय्यर ने 2017 में मोदी के लिये अपमानजनक टिप्पणी कर लोकसभा (2019) में भाजपा को विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया था, अब राजीव गांधी की शैक्षिक योग्यता पर बयान देकर उन लोगों को परेशानी में डाल रहे हैं जो मोदी की डिग्री को लेकर सवाल करते रहे हैं। अय्यर वे शख्स हैं जिन्हें राजीव ने महत्वपूर्ण मंत्रालयों से नवाजा था। इसी पंक्ति में सलमान खुर्शीद जैसे लोग हैं जो अपनी उस किताब को चुनाव के ऐन पहले प्रकाशित कराते हैं जिसमें वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना आतंकवादी संगठन से कर कई सीटें हाथ से निकल जाना सुनिश्चित करते हैं। जो व्यक्ति अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़कर भी पार्टी में अपना महत्व, पद व दावा नहीं गंवाता- शशि थरूर- वे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ऐसे वक्त में अपनी भूमिका पूछते हैं जब कांग्रेस अपने वजूद की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है जिसमें युवा राहुल हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं तथा वयोवृद्ध खरगे रात-दिन पसीना बहा रहे हैं। भला कांग्रेस को बचाने के अलावा किसी की और क्या भूमिका हो सकती है? वैसे गुजरात के अपने इसी भाषण में राहुल ने कार्यकर्ताओं से जो आग्रह किया है वही सभी की भूमिका है- जनता के पास जायें, उनकी ज़रूरतों को समझें और उसके मुताबिक काम करें। जो न समझें उन्हें पार्टी बाहर का रास्ता दिखाये। इसी में संगठन की भलाई है। पार्टी के पुनर्गठन का भी सभी समर्पित नेताओं और कार्यकर्ताओं को इंतज़ार है।

# पुरानी टीम में आधे भाजपा के : क्या इन्हीं के साथ अहमदाबाद अधिवेशन होगा?

कांग्रेस ऐसे ही आधे संघियों को लेकर अहमदाबाद अपने पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) में पहुंच जाएगी? अगले माह अप्रैल में होना है। 8 और 9 तारीख को उसी अहमदाबाद में जहां राहुल ने कहा कि पार्टी में पचास प्रतिशत लोग भाजपा के भरे पड़े हैं। इनके दिल में और खून में कांग्रेस नहीं है। ये कांग्रेस में रहकर भाजपा का काम कर रहे हैं।

बहुत स्पष्ट भाषण था राहुल का। शनिवार 8 मार्च को अहमदाबाद में। कार्यकर्तओं से बात करते हुए। कार्यकर्ता बहुत खुश हुए। दिल से तालियां पीटीं। जो बात वे हमेशा से कह रहे थे वह राहुल ने कह दी। एकदम साफ शब्दों में। कोई इसे हल्का नहीं कर सकता। दूसरा अर्थ नहीं निकाल सकता।

गुजरात के बाहर के कांग्रेसी नेता चिंतित नहीं हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने यह केवल गुजरात के लिए कहा है। हरियाणा के लिए नहीं, राजस्थान के लिए नहीं। जहां के कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा से मिलकर जीते हुए विधानसभा चुनाव हरवा दिए। कांग्रेस मुख्यालय में दूसरे लोगों के लिए नहीं जो कांग्रेस में बैठकर राहुल को गालियां देते हैं और मोदी की तारीफ करते हैं।

गुजरात के बाहर के लोगों की बात सुनकर ऐसा लगता है कि उन्हें भाजपा के साथ मिले रहने की छूट है। राहुल एक काम करें कि कांग्रेस मुख्यालय में एक पोलिंग बूथ बनवा लें। तो उन्हें मालूम पड़ जाएगा कि जो आधे बीजेपी वाले कह रहे थे उससे बहुत ज्यादा हैं।

कांग्रेस में संघ की यह घुसपैठ आज की नहीं है बहुत पहले से है। और उस समय स्वाभाविक थी। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी थी। सब विचारों के लोग आते थे। ज्यादातर अंग्रेजों से लड़ने के लिए मगर कई कांग्रेस में घुसकर नेहरू-गांधी को कमजोर करने के लिए। अंग्रेजों को फायदा पहुंचाने के लिए। मगर नेहरू नियंत्रण रखते थे। सरदार पटेल ने आरएसएस पर पाबंदी लगाई। और कहा कि अगर आपके अंदर राष्ट्रप्रेम है तो कांग्रेस के साथ मिलकर काम कीजिए। बाद में इन्दिरा गांधी ने भी पहचाना और इन्हें अलग थलग करने के लिए अलग कांग्रेस ही बना दी। मगर उनके बाद पार्टी में विचार पूरी तरह खत्म हो गए। और दक्षिणपंथी, साम्प्रादायिक, दलित, पिछड़ा विरोधी लोग छा गए।

अब राहुल ने पहली बार इतने साफ शब्दों में पार्टी की असली सूरत सबके सामने रख दी। और अब अगर खुद राहुल भी यह कहें कि उन्होंने सिर्फ गुजरात के नेताओं के लिए कहा था तो कोई यकीन नहीं करेगा। पार्टी और कमजोर हो जाएगी। राहुल भी डर से अपनी बात से पलट रहे हैं यह खराब मैसेज पार्टी कार्यकर्ताओं तक चला जाएगा।

इसलिए अब राहुल के पास कोई रास्ता नहीं है। उन्हें पार्टी का पुनर्निर्माण करना ही होगा। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यह बात पहले ही कह चुके हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कब? खरगे को अध्यक्ष बने ढाई साल हो गए। मतलब नए नियमों के मुताबिक आधा कार्यकाल। अगर संशोधन नहीं होता पुरानी समयावधि रहती तो बिना संगठन में कुछ किए उनका कार्यकाल खत्म होने वाला होता।



शकील अख्तर

"गुजरात के बाहर के कांग्रेसी नेता चिंतित नहीं हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने यह केवल गुजरात के लिए कहा है। हरियाणा के लिए नहीं, राजस्थान के लिए नहीं। जहां के कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा से मिलकर जीते हुए विधानसभा चुनाव हरवा दिए। कांग्रेस मुख्यालय में दूसरे लोगों के लिए नहीं।"

2010 के संविधान संशोधन से पहले अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का ही होता था तो खरगे के लिए कुछ करना बहुत जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके साथ हैं। फिर देर क्यों?

यही एक सवाल है जिसका जवाब किसी के पास नहीं है। प्रियंका गांधी लंबे समय से बिना किसी जिम्मेदारी के महासचिव हैं। अगर कांग्रेस प्रियंका को करिश्माई नेता मानती है तो उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने में देर क्यों कर रही है? कोई जवाब नहीं!

अब सबसे बड़ा सवाल। क्या पार्टी के पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) से बड़ा कोई जलसा होता है? हर तीन साल में यह होता है। एआईसीसी के सदस्य इसमें भाग लेते हैं। जिनकी संख्या अब तो हजारों में हो गई मगर कभी चार सौ-पांच सौ के आसपास होती थी। बड़ी सम्मानजनक चीज मानी जाती थी। लोग अपने नाम के साथ लगाते थे- एआईसीसी मेंबर।

तो इस पूर्ण अधिवेशन की तैयारियां बहुत पहले से शुरू हो जाती हैं। अब तो कांग्रेस के मुख्यालय में लायब्रेरी खतम हो गई। पहले हर पूर्ण अधिवेशन की कार्रवाई का रिकार्ड छपा हुआ वहीं होता था। कौन-कौन से प्रस्ताव पास किए गए। पार्टी के आगे के दिशा क्या है? कौन-कौन शामिल हुए? विदेशी प्रतिनिधि भी आते थे। कांग्रेस अध्यक्ष का भाषण। जिस पर अन्तरराष्ट्रीय निगाहें भी होती थीं। विदेश नीति पर प्रस्ताव पारित होता था। आर्थिक राजनीतिक प्रस्ताव। और हर अधिवेशन की 150-200 पेज की पूर्ण कार्रवाई प्रकाशित होती थी। यह 86वां अधिवेशन है। अगर अब पत्रकार शोध छात्र राजनीतिक लेखक पुराने अधिवेशनों के बारे में पढ़ना चाहें तो मुश्किल हो जाएगा। अकबर रोड स्थित मुख्यालय में लायब्रेरी खतम कर दी। बहुत साल पहले ही। 15 साल हो गए होंगे। बहुत किताबें रिफरेन्स के लिए थीं। लोग दूर-दूर से नोट्स लेने पढ़ने जानने आते थे।

अब कहते हैं कि कोटला रोड पर बनाए नए आफिस में लायब्रेरी बनाएंगे। एक, कि लायब्रेरी एक दिन में नहीं बनती है। किसी भी संस्थान की प्रतिष्ठा इससे मालूम पड़ती है कि उसकी लायब्रेरी कितनी पुरानी है। वह अद्यतन अपडेट होती रहती है। दूसरी बात, वहां पत्रकार और दूसरे विजिटर्स की वैसी पहुंच नहीं है। जैसी अकबर रोड के मुख्यालय में है। तो लायब्रेरी वहां कितनी उपयोगी होगी कहना मुश्किल है।

खैर तो तैयारियों के सिलसिले की बात हो रही थी। तो सवाल यह है कि कर कौन रहा है? वही पुराने पदाधिकारी! तो अगर उनको इतने महत्वपूर्ण काम में लगा रखा है तो फिर वहीं रहेंगे। अगर ऐसा है तो फिर अनाउंस कर देना चाहिए। और अगर नए लगाना है तो फौरन लिस्ट निकालना चाहिए। अब बचा तो एक महीने से कम है। मगर फिर भी तैयारी में शामिल हो सकते हैं।

कांग्रेस में कहा गया है यह 2025 संगठन का साल है। ठीक! मगर कब? जाते हुए 2025 में! तब तो बिहार चुनाव आ जाएंगे। एक ठोस बहाना। राहुल के कहने के बाद तत्काल करना चाहिए।

आज राहुल कांग्रेस में पूरी तरह ताकत में हैं। कोई चुनौती नहीं। अध्यक्ष खरगे के साथ उनका तालमेल बहुत अच्छा है। दोनों मिलकर कुछ भी करेंगे कोई सवाल उठाने वाला नहीं। क्योंकि कार्यकर्ता और जनता भी राहुल और खरगे के साथ हैं। कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं है जो विद्रोह कर सके। जैसा इन्दिरा जी के, राजीव गांधी के खिलाफ किया था।

फिर भी अगर राहुल और खरगे कुछ नहीं कर पाते हैं तो दोष किसका? दोनों नेताओं ने पार्टी की हर समस्या कमजोरी के बारे में खुलकर बात की है। तो फिर इन्हें दूर कौन करेगा? और कब?

अभी संगठन में मामूली बदलाव हुआ है। 2 महासचिव और 9 इन्चार्ज नए बनाए। कुछ को विश्राम दिया गया। मगर 20-22 से ज्यादा महासचिव और राज्यों के इन्चार्ज पुराने हैं। अभी अध्यक्ष ने एक मीटिंग बुलाई। 11 नए और 19 पुराने। जिनमें कुछ पुराने आए नहीं थे। बाकी राज्यों के अध्यक्ष जो सब प्लेनरी में जाएंगे पुराने होंगे। उनके राज्यों के एआईसीसी मेंबर भी पुराने होंगे। डिपार्टमेंटों के हेड भी पुराने होंगे।

क्या मतलब है? इन्हीं को रखना है। रखिए। एक कांग्रेस के महासचिव थे। कहते थे हमारी कांग्रेस है। हम जो चाहे करें। आपको क्या? पूरा भट्टा बिठा कर गए। उसके बाद पार्टी उठ ही नहीं पाई। अभी शुक्र है कोई इस भाषा में नहीं बोल रहा। मगर हां गुटबाजी करने वाले, भाजपा की मदद करने वाले महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए हैं। राहुल और खरगे को सब मालूम है। लेकिन करते क्यों नहीं है और करते नहीं हैं तो बोलते क्यों हैं? यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं. वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है।

हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है. लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्म संसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।



राम पुनियानी

"जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी।"

जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।

इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गय। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था। इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था।

पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे. काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए. परिवहन व्यवस्था अच्छी और पर्याप्त नहीं थी। नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई लोग मारे गए, से यह साफ़ है।

अभी-अभी मशहूर हुए एक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें नरेन्द्र मोदी अपना छोटा भाई कहते हैं, ने प्रसन्न भाव से कहा कि जो लोग भगदड़ में मारे गए उन्हें मोक्ष मिलेगा। गंगा के पानी की गुणवत्ता बहुत ही नीचे स्तर तक गिर गई। नदी में ई-कोलाई और मल-मूत्र घुला हुआ था। पानी की गुणवत्ता और मौतों को लेकर की गई आलोचना का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुअरों को गंदगी नजर आ रही है और गिद्ध लाशें गिन रहे हैं!

विश्व हिंदू परिषद ने इस स्वर्णिम अवसर का उपयोग मार्गदर्शक मंडल की बैठकों के आयोजन लिए किया। इसमें दिए गए भाषणों में मुसलमानों के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। मुस्लिम विरोधी प्रोपेगेंडा, जो आम तौर पर उनकी जनसंख्या में तेज वृद्धि, बांग्लादेश से घुसपैठ, गौरक्षा आदि से संबंधित रहता है, उसे इन बैठकों में बार-बार दुहराया गया। नफरत फैलाने में एक्सपर्ट वक्ताओं जैसे साध्वी ऋतंभरा, प्रवीण तोगडिया और यति नरसिंहानंद सरस्वती ने मौके का पूरा-पूरा फायदा उठाया। उन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने सुना। भाजपा ने अपने राजनैतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए साधुओं का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया और सरकारी खर्च पर प्रचार हासिल किया।

ऐसे ही एक भगवाधारी ने काशी और मथुरा की मंदिर संबंधी मांगों को दुहराते हुए दावा किया कि ऐसे 1,860 मंदिरों की पहचान की गई है जिन्हें वापिस लिया जाना है। मदरसों को बंद करने और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को गुरूकुल में बदलने की मांग भी उठाई गई ताकि भारत को हिन्दूमय बनाया जा सके।

सन् 2004 में प्रकाशित एक पुस्तक, जिसके लेखक इरफान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े हैं, में यह बताया गया है कि कैसे धार्मिक आयोजनों का इस्तेमाल हिंसा भड़काने के लिए किया जाता है। हमारे उत्सव, धर्मों की सीमाओं के परे सामाजिक अवसर होते हैं। हालिया प्रवृत्ति यह हो गई है कि हिंदुओं के पर्वों पर जुलूस निकाले जाते हैं, जो मुस्लिम इलाकों से गुज़रते हैं और इस दौरान मस्जिदों पर लहरा रहे हरे झंडों को हटाकर भगवा झंडे लगा दिए जाते हैं और नंगी तलवारें हाथ में लेकर नृत्य किया जाता है। इसके साथ ही मुसलमानों के प्रति नफरती नारे लगाए जाते हैं। इस पुस्तक में दोनों लेखकों ने बताया है कि 2022-2023 में रामनवमी के त्यौहार के दौरान यह खासतौर से किया गया। इस पुस्तक में हावड़ा, हुगली, संभाजी नगर, वडोदरा, बिहारशरीफ और सासाराम में सन् 2023 में और हिम्मत नगर, खंभात और लौहारदग्गा में 2022 में हुई हिंसा का विवरण दिया गया है।

निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए इंजीनियर लिखते हैं, 'हिंदू राष्ट्रवादियों का एक छोटा सा समूह भी धार्मिक जुलूस होने का दावा करते हुए अल्पसंख्यकों की बस्तियों से जाने की जिद कर सकता है। राजनैतिक और गाली-गलौज भरे नारे लगाकर और हिंसक गाने और संगीत बजाकर वह कोशिश करता है कि वहां के निवासी युवक भड़क जाएं और उन पर एकाध पत्थर फेकें। इसके आगे का काम सरकार करती है- बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को गिरफ्तार करना और उनके मकानों और संपत्तियों को कुछ ही दिनों में, बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के, ढहा देना।

एक अन्य स्तर पर इस दक्षिणपंथी राजनीति ने आदिवासी इलाकों में देवी शबरी और भगवान हनुमान को स्थापित एवं प्रचारित-प्रसारित किया है। पिछले तीन दशकों में इन इलाकों में जैसे-जैसे ईसाई-विरोधी हिंसा बढ़ी, यहां आरएसएस से संबद्ध वनवासी कल्याण आश्रम और विश्व हिन्दू परिषद ने शबरी से जुड़ी सघन गतिविधियां शुरू कर दीं गुजरात में डांग के पास शबरी कुंभ का आयोजन किया गया। इसी इलाके में एक शबरी मंदिर का निर्माण भी किया गया। उस समय विश्व हिन्दू परिषद के स्वामी असीमानंद इस क्षेत्र में सक्रिय थे। इन पर ही बाद में महाराष्ट्र एटीएस ने मालेगांव, अजमेर और मक्का मस्जिद में हुए बम विस्फोटों की साजिश से जुड़े होने का आरोप लगाया था।

आखिर इन इलाकों में प्रचार-प्रसार के लिए शबरी और हनुमान को ही क्यों चुना गया? शबरी एक गरीब महिला थी जिसके पास अपने भगवान (राम) को खिलाने के लिए पर्याप्त खाना नहीं था। इसलिए उसने राम को बेर खिलाए और उन्हें खिलाने के पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे मीठे हों, उन्हें स्वयं चखा। जहां शहरी इलाकों में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की पूजा की जाती है, वहीं आदिवासी इलाकों के लिए शबरी हैं। इसी प्रकार आदिवासी इलाकों में भगवान राम के भक्त एवं सेवक भगवान हनुमान का प्रचार-प्रसार किया जाता है। यह काफी दिलचस्प है!

हिन्दुत्ववादी राजनीति का हमारे उत्सवों पर पड़ा प्रभाव उस राजनीति के बारे में बहुत कुछ कहता है। जिस प्रकार इनमें से कुछ त्योहारों को हथियार बना लिया गया है, यह शर्मनाक है। कुंभ मेले का इस्तेमाल जिस तरह मुस्लिम विरोधी बातें कहने के लिए किया गया है, या जिस तरह हनुमान और शबरी को आदिवासी इलाकों में प्रचारित किया जा रहा है। यह सब चिंता का विषय है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनियां)**



## ललित सुरजन की कलम से

### भारत की शिक्षा नीति :अतीत, वर्तमान एवं भविष्य-1

*'1947 में आजादी हासिल करने के बाद से ही अन्य बहुत से क्षेत्रों के साथ शिक्षा जगत में भी एक नया वातावरण निर्मित करने की पहल हुई। अनेक नीतिगत निर्णय लिए गए और अनेक परियोजनाओं पर काम प्रारंभ हुआ। उद्देश्य था एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण जो देश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के अनुकूल हो और जो वैश्विक पटल पर भी भारतीय मेधा की पहिचान कायम कर सके। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन, आईआईएससी, आईआईटी, आईआईएम व अनेक नए विश्वविद्यालयों की स्थापना, कोठारी आयोग का गठन आदि इसी सोच की देन है। देश में बड़े पैमाने पर विद्यालय भी प्रारंभ किए गए जिसमें सरकारी व गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यहां याद कर लेना प्रासंगिक होगा कि देश के प्रथम व द्वितीय उपराष्टपति क्रमश- सर्वपल्ली राधाकृष्णन व डॉ. जाकिर हुसैन अपने समय के अत्यन्त प्रतिष्ठित शिक्षाविद थे। उन्होंने कालांतर में राष्टपति पद को भी सुशोभित किया। इसमें जो राजनैतिक संदेश निहित था, वह स्पष्ट था।'*

*'ये सारे उपक्रम समयानुकूल थे। इनसे देश के भीतर एक उदार चेतना विकसित करने में सहायता मिली, लेकिन प्रारंभ में जो आशा व उत्साह का वातावरण था वह एक वक्त आने पर ठंडा पड़ने लगा। इसके दो-तीन कारण समझ में आते हैं। पहला- एक ओर जहां देश में जनतांत्रिक राजनीति का विस्तार हुआ, वहीं दूसरी ओर उसे चुनावी राजनीति का पर्याय बना दिया गया। यह दुखद स्थिति क्यों निर्मित हुई इसकी मीमांसा अलग से की जा सकती है। दूसरा- भारत अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आए परिवर्तनों से अछूता नहीं रहा। अस्सी के दशक से जिस तरह से विश्व के अनेक देशों में राजनीति पर पूंजीवादी ताकतें हावी होने लगीं, वैसा ही कुछ भारत में भी हुआ।'*

**(देशबन्धु में 22 फरवरी 2019 को प्रकाशित)**

**(अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवां द्वारा आयोजित अर्जुन सिंह व्याख्यानमाला में 15 फरवरी 2019 को मुख्य अतिथि का व्याख्यान)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/02/1.html

## गुरवाणी विचार

### दुख दास सुख रोग भया जां सुख ताम न होई

फरीदा मैं जानिआ दुख मुझ में दुख सबाइया जगि
ऊंचे चढ़ के देखिआ घरि घरि एहा अगि ।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा शेख फरीद जी मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि मैं तो यही समझा था कि दुख केवल मुझे ही है- परन्तु दुख तो सारे संसार को लगा हुआ है। अपनी स्थिति से ऊपर उठकर देखने पर ही हमें पता चलता है कि संसार में ऐसा कोई इंसान नहीं है कि जिसकी जिंदगी में दुख न आता हो। दुख की यह अग्नि घर-घर में जल रही है। संसार में जहां तक भी हमारी दृष्टि जाती है हमें देखने में यही मिलता है कि आज संसार का प्रत्येक मनुष्य दुखी है अर्थात चिंताओं से ग्रसित है। इस स्थिति का एकमात्र कारण है शारीरिक -सांसारिक एवं ऐच्छिक कामनाओं के कारण मनुष्य दुखी हो जाता है। इन कामनाओं को वह जितना ही पूरा करने का प्रयास करता है उतनी ही नई नई कामनाएं उत्पन्न होने लगती है। धन की कामना को ही ले लेवें मनुष्य के पास अगर दस हजार है तो लाखों कमाने की कामना करने लगता है। लाख रुपया है तो दस लाख रुपए की कामना करने लग जाता है। इस तरह कामनाओं की सीमा नहीं रहती, वह सुरसा के मुख की तरह बढ़ती ही जाती है-

सहस्त्र खटि लखि को उठि धावै। त्रपत न आवै माया पाछै पावै।।

इस तरह अन्य पदार्थों, जमीन-जायदाद, विषय भोग इत्यादि को भी लिया जा सकता है। इस तरह इंसान की कामना कभी समाप्त नहीं होती और वह दुख ही दुख पाते रहता है। कभी भी उसे दुखों से निजात नहीं मिल पाता। दुख उसके किए हुए कर्मों के आधार पर ही मिलता है-

ददा दोष न दीजै काहू जो करमां आरनिआं।
जो मैं कीता सो मैं पाया दोष न दीजै अवर जना।।

हमारे पूर्व जनमों के किए गए कर्मों के अनुसार ही हमें सुख दुख की प्राप्ति होती है। दुख-सुख तो आना जाना है-

आज गम कल खुशी है यही जिंदगी है सुन ले प्यारे।
आदमी वो जो हिम्मत न हारे।

दुख सुख तो आना जाना है उसके कारण ही दुख में इंसान की प्रभु परमात्मा परीक्षा लेते हैं इसलिए हमारे जीवन में -

दुख दास सुख रोग भया जां सुख ताम न होई।

हमारा मन जीव को सदैव इन सांसारिक कामनाओं के चक्कर में फंसाए रखता है और जीव इन के चक्कर में फंस कर हर समय इन्हें पूरा करने की चिंता में ग्रस्त रहता है। इस चिंता रूपी रोग से क्या निर्धन क्या अमीर. क्या पढ़े-लिखे सब ग्रस्त रहते हैं। राजा-महाराजा तक इस चिंता रूपी रूप से ग्रस्त रहते हैं-

बड़े-बड़े जो दीसहि लोग- तिनको बिआपै चिंता रोग।

उन्हें धन संपदा प्रभुता की दृष्टि जो संसार में बड़े से बड़े लोग भी दिखाई देते हैं उन्हें सदैव चिंता रूपी रोग लगा रहता है। इस चिंता रूपी रोग के कारण ही वह बड़े-बड़े विषयों विकारों के शिकार हो जाते हैं और उनका मन हर वक्त दुखमय रहता है इसीलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है। सब रोग का औखद नाम। हर प्रकार के संग से निजात पाने का एकमात्र इलाज है प्रभु परमात्मा का नाम। हमें हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाना चाहिए तभी हम हर प्रकार के रोग से निजात पा सकते हैं-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेहि। प्रभु सिमरन बंदगी करते रहने पर ही हमारा लोक परलोक सुहेला हो सकता है अर्थात हम इस लोक में तो सुखपूर्वक जीवनयापन करते ही हैं। परलोक गमन करने पर भी प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त कर सकते हैं जहां फिर हमें हर वक्त आनंद ही आनंद की अनुभूति होती रहती है इसलिए गुरवाणी हमें उपदेश दे रही है-

हलति सुख पलति सुख सिमरनों सदा नाम हरि का लीजै।

प्रभु बंदगी करते रहने पर हमें उसकी मूरत जो हमारे दिल में विराजमान है। ऐसा महसूस होने लगता है तभी हमें इन सांसारिक चिंताओं से निजात पाती है तभी तो फकीरदास जी हमें समझा रहे हैं-

जहां काम तहं नाम नहिं, जहं नाम नहीं काम कहै कबीर।
दोऊन न रहे रवि रजनी इक छाम धाम।।

हम अगर संसार में वासनाओं के वशीभूत होकर रह जाते हैं। तब हमें परमात्मा मिलना असंभव है। कामनाओं से परे हटकर प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाने पर फिर परमात्मा की प्राप्ति हमें हो जाती है और कल्पना में हमारे से दूर भागने लग जाती है जिस तरह सूरज के प्रकाश से रात का अंधकार खत्म हो जाता है। ठीक वैसे प्रभु परमात्मा के सिमरन बंदगी करने के कारण कामनाओं का अंधकार खत्म हो जाता है और हमारा मन निर्मल हो जाता है।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का भविष्य?

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका कीव को रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। इस बदलाव ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं के बारे में चिंताएं पैदा कर दी हैं, विशेष रूप से यू.एस. निर्मित पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की उपलब्धता के बारे में, जो कीव जैसे शहरों को रूसी हमलों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण रही हैं। यूरोपीय सहयोगियों के पास इन प्रणालियों का कोई प्रत्यक्ष विकल्प नहीं है, जिससे यूक्रेन जोखिम में पड़ सकता है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ़ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य ख़र्च पहल की घोषणा की है।

अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्वपूर्ण रूप से सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफ़ी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्त्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुक़सान हो सकता है।

अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी। दूसरी ओर, यदि सहायता वर्तमान या बढ़े हुए स्तरों पर जारी रहती है, तो यह समय के साथ यूक्रेन की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# खेल जगत

## मुझे नहीं लगता कि हम कभी मैच में दबाव में थे : दीप्ति

**लखनऊ।** आठ मैचों में केवल तीन जीत और डब्ल्यूपीएल की तालिका में चौथा स्थान कोई भी हासिल नहीं करना चाहेगा, लेकिन लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अपना आखिरी लीग मुक़ाबला खेल रही यूपी वरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) ने ऐसा कारनामा करके दिखाया जिसको सालों-साल याद रखा जाएगा। पहले उन्होंने जॉर्जिया वॉल की नाबाद 99 रनों की पारी से डब्ल्यूपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 225 रन बनाया। इसके बाद मात्र 12 रनों से यह मैच जीतकर खुद के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) की भी टूर्नामेंट से विदाई करा दी। 13 रन से मिली इस रोमांचक जीत के बाद यूपीडब्ल्यू की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि मुझे लगता है कि हम पर कोई दबाव नहीं था। आप देखें अगर मैंने वॉल को अंतिम ओवर थमाया, क्योंकि वह बिगबैश लीग में भी ऐसा कर चुकी हैं और उन्होंने स्कोर का बचाव करके दिखाया है।



# पंजाब एफसी और मोहम्मडन एससी जीत से विदाई लेने के लिए भिड़ेंगे

**कोलकाता,** 9 मार्च (एजेंसियां)। मोहम्मडन एससी और पंजाब एफसी सोमवार को शाम 7:30 बजे इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के अपने अंतिम मैच के लिए किशोर भारती क्रीड़ांगन पर उतरेंगी। 2023-24 में प्रमोट होने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से पंजाब एफसी और मोहम्मडन एससी को आईएसएल में मौका मिला है। पंजाब एफसी 23 मैचों में आठ जीत, तीन ड्रा और 12 हार से 27 अंक लेकर तालिका में दसवें

■ पंजाब एफसी ने मोहम्मडन एससी को रिवर्स फिक्स्चर में 2-0 से हराया था



स्थान पर है। वहीं, मोहम्मडन स्पोर्टिंग 23 मैचों में दो जीत, छह ड्रा और 15 हार से 12 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। पंजाब एफसी ने मोहम्मडन एससी को रिवर्स फिक्स्चर में 2-0 से हराया था, और वो हैदराबाद एफसी के बाद दूसरी टीम के खिलाफ लीग डबल करने की कोशिश करेगी।

**पंजाब एफसी की अवे फॉर्म और रिकॉर्ड**

अवे जीत: पंजाब एफसी ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपना आखिरी अवे मैच 3-1 से जीता था। उन्होंने फरवरी और मार्च 2024 के बीच तीन अवे मुकाबलों में जीत की हैट्रिक लगाई थी। द्वंद्व रिकॉर्ड: पंजाब एफसी ने 500 द्वंद्व जीते हैं और 2025 की शुरुआत से इस मुकाम तक पहुंचने वाली केवल दो टीमों में से एक है। हालांकि, उनकी 45 प्रतिशत की ड्यूल सफलता दर सभी टीमों में सबसे कम है।

**मोहम्मडन स्पोर्टिंग की घरेलू परेशानियां**

खराब स्पैल: मोहम्मडन स्पोर्टिंग इस सीजन में अपने 11 घरेलू मैचों में से छह में गोल कर नहीं पाई है, अपने पिछले चार मैचों में से प्रत्येक में कई गोल खाए हैं, और आईएसएल में घर पर जीत दर्ज नहीं की है।

**हवाई कमजोरी:** मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने आईएसएल 2024-25 में हैडर से 10 गोल खाए हैं, जो सबसे ज्यादा गोल है।

**आमने-सामने**

आईएसएल में इन दोनों टीमों के बीच एकमात्र मैच पंजाब एफसी ने जीता है।

**कोच कॉर्नर**

ब्लैक एंड व्हाइट ब्रिगेड के अंतरिम मुख्य कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने सीजन का मजबूती से समापन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सीजन में हमारा आखिरी मैच है, इसलिए हम जीतने का जोर लगाना चाहते हैं। हम इस सीजन में संघर्ष करते रहे हैं, लेकिन हम इस मैचों को जीतकर फैंस को खुशी देना चाहते हैं। पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस दिलमपेरिस ने पिछले मैच में तयशुदा योजना से खेलने के लिए अपनी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा क खिलाड़ियों ने हैदराबाद एफसी को हमारे गोल के करीब नहीं आने दिया क्योंकि गेंद कब्जे में रखी, कुछ पैटर्न का हमने पालन किया, और जरूरत के समय हाई प्रेसिंग की।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच फाइनल का लुत्फ उठाने दुबई पहुंचे सितारे

**दुबई,** 9 मार्च (एजेंसियां)। स्पिनर युजवेंद्र चहल और बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल का लुत्फ उठाते नजर आए। चहल को आरजे महवश के साथ स्टैंड से फाइनल देखते हुए देखा गया। दोनों ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर मैच के दृश्य भी साझा किए। दूसरी ओर, ओबेरॉय को रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम का समर्थन करने के लिए अकेले भारतीय ध्वज लहराते हुए देखा गया। उनके अलावा, अभिनेत्री और विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा और पंजाबी गायक करण औजला भी मौजूद थे। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, स्पिनरों की किफायती गेंदबाजी ने न्यूजीलैंड को 50 ओवरों में 251/7 पर रोक दिया। डेरिल मिशेल ने 63 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल 53 रन बनाकर नाबाद रहे और बचाव के लिए सम्मानजनक स्कोर बनाया। भारत की ओर से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। रोहित की अगुआई वाली टीम दो साल से भी कम समय में लगातार चौथा फाइनल खेल रही है।

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में आकर मुझे खुशी मिली : अनिल विज

**चंडीगढ़,** 9 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रविवार को कहा कि अंबाला के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है क्योंकि उनकी सोच के अनुसार सुभाष पार्क में ओपन एयर थियेटर में उनके शहर में भिन्न-भिन्न गतिविधियां हो रही हैं। श्री विज ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा हैं कि बॉडी बिल्डिंग के कौशल को दूसरे लोगों में भी बांटे। बॉडी बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए जो मदद उनकी तरफ से होगी वह करेंगे। उन्होंने अंबाला में फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित किया। इसके उपरांत उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे। उन्होंने कहा कि ओपन एयर थियेटर में और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं एक भी सप्ताह ऐसा नहीं जाता जब यहां पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम



न होता हो। यही उनका सपना था कि उनके शहर के लोग हंसते, खेलते व नाचते रहे। उनके शहर के बच्चे बॉडी बिल्डिंग में आगे बढ़े उसके लिए जो भी सहायता होगी वह अपनी व सरकार की तरफ से करेंगे। श्री विज ने कहा कि आज मिस्टर अम्बाला की जो प्रतियोगिता हो रही है, वह चाहते हैं कि मिस्टर हरियाणा व मिस्टर भारत की प्रतियोगिता भी अम्बाला छावनी में हो। यह पैगाम जाना चाहिए कि बॉडी बिल्डिंग में अम्बाला छावनी सबसे आगे है। यहां के अखाड़ों में शाम रौनक लगे और नौजवान अभ्यास करें, यही वह चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां बॉडी बिल्डिंग का कार्यक्रम हुआ है वह इसकी दिल की गहराई से प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां जितने भी दर्शक आए हैं वो चाहे प्रतियोगिता में हिस्सा न ले रहे हों लेकिन हर दर्शक के मन में यह ख्वाहिश होगी कि वह भी अपनी बॉडी व मांसपेशियां बॉडी बिल्डरों की तरह बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया है जिसमें काफी युवा भाग ले रहे हैं। वह सभी को बधाई देना चाहते हैं।

# भारत ने अभियान में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने का अनचाहा रिकॉर्ड बनाया

**दुबई,** 9 मार्च (एजेंसियां)। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को पहली पारी में चार कैच छोड़ने के बाद अपने क्षेत्ररक्षण प्रयासों पर पछतावा हो सकता है, क्योंकि डेरिल मिशेल (63) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 53) के अर्द्धशतकों की बदौलत ब्लैककैप्स ने 50 ओवर में 251/7 का स्कोर बनाया। खिताबी मुकाबले के दौरान भारतीय पुरुषों ने चार मौके गंवाए, जिससे अभियान में उनके कैच छोड़ने की संख्या नौ हो गई, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। आठ टीमों की प्रतियोगिता में उनके पास 70 प्रतिशत के साथ तीसरा सबसे कम कैच दक्षता दर है, जो केवल



■ खिताबी मुकाबले के दौरान भारतीय पुरुषों ने चार मौके गंवाए

बांग्लादेश और पाकिस्तान से आगे है। दूसरी ओर उनके विरोधियों के पास सबसे ज्यादा कैच दक्षता दर है और वे सबसे अच्छी टीमों में से एक हैं। भारत ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले रचिन रवींद्र को दो अलग-अलग मौकों पर आउट करने का मौका गंवा दिया। सातवें ओवर में मोहम्मद शमी के पास कैच लेने का आधा मौका था और जब बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गेंद को मारा तो तेज गेंदबाज गेंद को पकड़ नहीं पाए। साथ ही, उनके गैर-गेंदबाजी वाले हाथ में भी चोट लग गई और उन्हें फिजियो की मदद लेनी पड़ी। श्रेयस अय्यर ने अगले ही ओवर में रचिन को दूसरा जीवनदान दिया। वह भारत के लिए दिन का पहला विकेट लेने की उम्मीद में डीप मिडविकेट की ओर 21 मीटर दौड़े, लेकिन अंततः गेंद को पकड़ नहीं पाए। भारत को इन दो मौकों पर ज्यादा नुकसान नहीं हुआ क्योंकि 11वें ओवर में कुलदीप यादव की पहली गेंद पर रचिन 37 रन बनाकर आउट हो गए। डेरिल मिशेल अगले भाग्यशाली खिलाड़ी रहे, जब मिडविकेट पर खड़े कप्तान रोहित शर्मा ने एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश की, लेकिन शॉट की गति के कारण गेंद उनके हाथों में नहीं आई।

## इंडियन वेल्सः 5 बार के चैम्पियन जोकोविच पहले मैच में हारे

**इंडियन वेल्स,** 9 मार्च (एजेंसियां)। पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को रविवार (आईएसटी) को इंडियन वेल्स ओपन के पहले दौर में लकी लूजर बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपनी बढ़ती हुई दिग्गज किलिंग प्रतिष्ठा में इजाफा किया। वह इंडियन वेल्स में जोकोविच को हराने वाले लगातार दूसरे लकी लूजर बन गए। जोकोविच लगातार अपना तीसरा मैच हार गए, जो आखिरी बार 2018 में चोट से प्रभावित सीजन के हिस्से के रूप में हुआ था। उन्होंने 2025 में भी चोटों का सामना किया है, ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

# शतक से चूकी वॉल की धमक से यूपी वॉरियर्स 12 रन से जीता



**लखनऊ,** 9 मार्च (एजेंसियां)। जॉर्जिया वॉल (99 नाबाद) भले ही अपने शतक से चूक गयी हों लेकिन उनकी तूफानी पारी की बदौलत यूपी वारियर्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया बल्कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ऑल आउट कर 12 रन की सनसनीखेज जीत अपने नाम कर ली। यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुये पांच विकेट पर 225 रन बनाये जिसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की पूरी टीम 19.3 ओवर में 213 रन बना कर सिमट गयी। वारियर्स के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स ने शुरु से आक्रामक अंदाज अपनाया मगर रन रफ्तार तेज करने के प्रयास में उसके पांच शीर्ष खिलाड़ी 11 ओवर के खेल में 107 रन बना कर पवेलियन लौट गए जिससे वॉरियर्स की आसान जीत के कयास लगाये जाने लगे मगर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (69) ने छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से मैच में जान फूंक दी वहीं पुछल्ली स्नेह राणा ने मात्र छह गेंदों पर तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 26 रन बना कर मैच को अपने पक्ष में करने की पुरजोर कोशिश की मगर अंततः जीत मेजबानों के खाते में आयी।इससे पहले प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी यूपी वारियर्स के बल्लेबाजों ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में गरज चमक के साथ बल्लेबाजी की। वॉल को अंतिम गेंद पर शतक पूरा करने के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन वह एक ही रन बना सकीं और डब्ल्यूपीएल के इतिहास में पहला शतक आते आते रह गया।

## सार संक्षेप

### जैंड्सचुल्प से हार कर जोकोविचव इंडियन वेल्स से हुए बाहर

**कैलिफोर्निया।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में शनिवार को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के साथ पिछले कई सालों में यह दूसरी बार है जब उन्हें कैलिफोर्निया में हार का सामना करना पड़ा हैं। मैच के बाद जैंड्सचुल्प ने कहा कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे सेट में नोवाक ने वापसी की। अंत में तीसरे सेट में अपनी लय वापस पाकर मैं खुश था।

### रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मैच के पहले हाफ में 1-1 की बराबरी के बाद वायुसैनिकों ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन कई मौकों पर चूक के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। भारतीय वायुसेना पर रॉयल रेंजर की जीत का फायदा फ्रेंड्स यूनाइटेड को मिल गया। विजेता टीम रॉयल रेंजर्स के लिए प्लेयर ऑफ द मैच यमन सिंह और करमन्य बंसल ने एक-एक गोल किये। वहीं वायुसेना की ओर से एकमात्र गोल अमन सिंह ने दागा। इस हार के साथ वायुसेना अंत तालिका में नीचे लुढ़क गई है तो फ्रेंड्स यूनाइटेड पर से संकट टल गया है।

### एसबीआई ग्रीन मैराथन दिल्ली में सफलतापूर्वक हुई संपन्न

**नई दिल्ली।** एसबीआई ग्रीन मैराथन का पांचवां सत्र रविवार को मिर्ची के सहयोग से राजधानी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज यहां सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित हुई समापन दौड़ को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों ने हरी झंड़ी दिखाई। मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई।

# रचिन चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



**दुबई,** 9 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज रचिन रवींद्र रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

रचिन, जिन्होंने फ़ाइनल से पहले तीन मैचों में 226 रन बनाए थे, को इंग्लैंड के बेन डकेट को शीर्ष स्थान से हटाने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। इंग्लिश बल्लेबाज ने तीन मैचों में 227 रन बनाए, जिसमें 165 रन का सर्वोच्च स्कोर भी शामिल है। दुर्भाग्य से, इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के कारण वे टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी नहीं रख सके। दूसरी ओर, रचिन ने फाइनल में 29 गेंदों पर 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था, इससे पहले कि वे 11वें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने अपना अभियान 263 रनों के साथ समाप्त किया, जो भारत के विराट कोहली से 42 रन आगे था। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और विल यंग ने टीम को स्थिर शुरुआत दी, जब ब्लैककैप्स के कप्तान मिशेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रचिन और यंग के बीच 57 रन की ओपनिंग साझेदारी टूर्नामेंट में पावरप्ले में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी थी। रचिन ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की और अपने पहले चैंपियंस ट्रॉफी मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 98 रनों हराया

## न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई

**नेल्सन,** 9 मार्च (एजेंसियां)। जॉर्जिया प्लिमर (112) की शतकीय और कप्तान सूजी बेट्स (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 98 रनों से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। विशमी गुणरत्ने (छह), कप्तान चामरी अट्टापटू (पांच), को हर्षिता समरविक्रमा (आठ) को जेस केर ने आउट किया और इमेशा दुलानी (11) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कविशा दिलहारी और नीलाक्षिका सिल्वा ने पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों



■ न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर और फ्रान जोनास ने तीन-तीन विकेट लिए

के बीच पांचवें विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में ब्रुक हैलीडे ने कविशा दिलहारी (45) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अनुष्का संजीवन (23) रन बनाकर आउट हुई। 44वें ओवर में ईडन कार्सन ने एक छोर थामे खड़ी नीलाक्षिका सिल्वा (45) को आउट कर न्यूजीलैंड की जीत पक्की कर दी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 50 ओवर में 182 के स्कोर पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर और फ्रान जोनास ने तीन-तीन विकेट लिये। ईडन कार्सन को दो विकेट मिले। ब्रुक हैलीडे और मैडी ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी जॉर्जिया प्लिमर और कप्तान सूजी बेट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े। 22वें ओवर में सचिन निसानसाला ने सूजी बेट्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सचिनी निसानसाला ने 69 गेंदों में 53 रन बनाए।

# ऑटिस गिब्सन केकेआर के सहायक कोच बने

**कोलकाता,** 9 मार्च (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ऑटिस गिब्सन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के लिए अपना सहायक कोच बनाया है। वह रयान टेन डेशकाटे की जगह लेंगे, जो अब भारत के सहायक कोच हैं। गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं। इससे पहले केकेआर ने ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटॉर बनाया था। टीम के मुख्य कोच अभी भी चंद्रकांत पंडित हैं, जबकि बी अरूण, चार्ल क्रो और नेथन लीमॉन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य हैं। गिब्सन संन्यास लेने के बाद लगातार कोचिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 2007 में वह इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच थे। इसके बाद वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच बने।



# आईएमएल के सेमीफाइनल में पहुंचा इंडिया मास्टर्स

■ आईएमएल में क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता में से एक-सचिन तेंदुलकर बनाम ब्रायन लारा को फिर से देखने की तैयारी



**रायपुर,** 9 मार्च (एजेंसियां)। रायपुर में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 का अंतिम चरण शानदार तरीके से शुरू हुआ, जिसमें स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट और इरफान पठान के शानदार अंतिम ओवर की मदद से इंडिया मास्टर्स ने एक हाई स्कोरिंग थ्रिलर में वेस्टइंडीज मास्टर्स पर सात रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ इंडिया मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। पहले बैटिंग करते हुए इंडिया मास्टर्स ने अंबाती रायडू 63, सौरभ तिवारी 60, युवराज सिंह 49 नाबाद और गुरकीरत सिंह मान के 46 रनों की बदौलत तीन विकेट पर 253 रन बनाए जबकि वेस्टइंडीज मास्टर्स ड्वेन स्मिथ 79, विलियम पर्किन्स 52, लेंडल सिमंस 38 की शानदार पारियों के बावजूद 6 विकेट पर 246 रन ही बना सके। बहरहाल, आईएमएल में क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता में से एक-सचिन तेंदुलकर बनाम ब्रायन लारा को फिर से देखने की तैयारी थी। हालांकि भारतीय दिग्गज बाहर बैठे रहे, लेकिन इसके बावजूद मैच ने अपनी अलग ही तरह की पुरानी यादें और रोमांच पैदा कर दिया। इंडिया मास्टर्स ने अंबाती रायडू और सौरभ तिवारी के विस्फोटक अर्द्धशतकों और फिर युवराज सिंह ने आखिरी क्षणों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मास्टर्स के खिलाफ अपनी टीम को 253/3 का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

कार्यवाहक कप्तान युवराज के नेतृत्व में, घरेलू टीम ने लारा द्वारा टॉस जीतने के बाद पहला झटका दिया। और जैसे ही रायुडू (63) और तिवारी (60) की नई सलामी जोड़ी ने ड्वेन स्मिथ के धमाकेदार रन-अप के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया, मैच ने एक अलग रंग ले लिया और यहां शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के नेतृत्व में सप्ताहांत पर जुटी एक बड़ी भीड़ ने शानदार क्रिकेट का जमकर लुत्फ लिया।

भारत की पारी उद्देश्यपूर्ण तरीके से शुरू हुई क्योंकि रायुडू और तिवारी ने पावरप्ले का पूरा उपयोग करते हुए 51 रन बनाए और इस दौरान इन दोनों ने थोड़ी हरी पिच पर मूवमेंट का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। शुरुआत में राहत मिलने के बाद, रायुडू ने विशेष रूप से वेस्टइंडीज मास्टर्स पर अटैक किया, बाउंड्री लगाई और एशले नर्स और सुलेमान बेन की स्पिन जोड़ी पर कोई रहम नहीं दिखाया। उन्होंने नर्स की गेंद पर दो गगनचुम्बी छक्के लगाए और फिर बेन की गेंद को मिडविकेट के बाहर भेजकर मात्र 30 गेंदों में शानदार अर्द्धशतक पूरा किया।

# गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली,** 9 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात टाइटन्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे। गुजरात टाइटन्स ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड! 37



वर्षीय वेड 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में जीटी की खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य थे और फिर 2024 में, जहां उन्होंने केवल तीन मैच खेले। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने 15 आईपीएल मैच खेले हैं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल मेगा नीलामी का हिस्सा नहीं थे। वेड ने पिछले साल अक्टूबर में 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से ज्यादा मौकों पर खेल चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर मौके उन्होंने दो सफेद गेंद वाले फॉर्मेट में खेले हैं। टी20 विश्व कप 2021 के विजेता ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है। आईपीएल का आगामी संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा, जिसमें गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सीजन के पहले मैच में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

## सार-समाचार

### कवि सम्मेलन आज

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** साहित्य अकादमी मप्र सांस्कृति परिषद मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित रचना पाठ का आयोजन सोमवार को दाद्जी प्लाजा पर शाम 7 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक ओज के राष्ट्र कवि ध्रुव शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के युवा कवियों के द्वारा रचना पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम में एसजीएस कॉलेज के प्राचार्य प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता, सहायक प्राध्यापक अवधेश राव, युवा रचनाकार डॉ. आरती स्मिथ दिल्ली, अमितोस माथुर बदनावर, ज्योति जलज हरदा, राहुल कुंभकार ब्यावर, सत्येंद्र धाकड़ विदिशा,संदीप द्विवेदी भोपाल, अनुज भार्गव शमशाबाद, शिखा रघुवंशी बासौदा रहेंगे।

### बेलगाम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** अजयगढ़ थाना अंतर्गत किशनपुर तिराहा बीर रोड में एक बेलगाम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग दंपति के घायल होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए बुजुर्ग दंपति को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल हीरामन पटेल उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी खोरा मझपटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी को लेकर बाइक से अजयगढ़ की तरफ जा रहा था जैसे ही किशनपुर तिराहा के पास पहुंचा तो सामने से एक ट्रक को मुड़ते हुए देख कर सड़क किनारे बाइक खड़ी कर ली लेकिन ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलते हुए टक्कर मार दी जिससे वह दोनों घायल होकर सड़क में गिर गए, आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना मिलते ही घायल का पुत्र सनद पटेल भी पहुंच गया और मामले की शिकायत अजयगढ़ थाना में दर्ज करवाई, पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को जप्त कर लिया है और मामला दर्ज कर विवेचना में दिया है।

### यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन् में निजी वाहनों में हूटर, फ्लेश लाइट, व्हीआईपी स्टीकर लगाकर चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु 15 मार्च 2025 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान वाहन में हुटर, गलत नम्बर प्लेट, (लाल, पीली या नीली बत्ती), स्टीकर चस्पा करना, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले यात्री वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने वाले के विरूद्ध कुल 24 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 22 हजार 500 रूपये जुर्माना बसूल किया गया एवं 02 वाहनो के हुटर हटवाए गये।

### जैन मंदिर में गुरु चरणों की स्थापना

**दमोह देशबन्धु।** जैन धर्म के सर्वोच्च तपस्वी संत आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि के 1 वर्ष पश्चात उनके चरण चिन्ह धातु की प्रतिकृति के रूप में समारोह पूर्वक स्थापित किए गए। मंदिर के समक्ष निर्मित आकर्षक वेदी पर स्थापित करने का सौभाग्य कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद कुमार सराफ के परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर कमेटी के महामंत्री अभय बनगांव, प्रदीप सराफ ललित सराफ एवं अशोक सराफआदि को चरणों का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है महेश दिगंबर एवं मीनू आयरन के परिवार ने आरती का सौभाग्य प्राप्त किया पंडित आशीष जैन के मार्गदर्शन में चरणों के अभिषेक उपरांत आचार्य श्री की मंगलमय पूजन की गई। इसके पूर्व नन्हे मंदिर से गुरुचरण स्थापना महोत्सव की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो घंटाघर से होती हुई राय चौराहा से नसिया मंदिर जैन स्कूल पहुंची शोभायात्रा में सबसे आगे रथ पर विराजमान श्रावक गन हाथों में धर्म ध्वज लेकर शोभा बढ़ा रहे थे आचार्य के चरण चिन्ह को रथ में रखकर श्रावक गन अपने हाथों से खींच रहे थे स्थान स्थान पर श्रावक गण आरती उतार रहे थे। इस मौके पर कुंडलपुर कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र सेठ नेम सराफदिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई महामंत्री पदम खली सोनू नेता नवीन निराला सुनील वेजीटेरियन संजीव शाकाहारी शैलेंद्र मयूर आनंद जैन आदि की उपस्थिति रही सराफ परिवार के द्वारा सभी श्रद्धालु गनों को सामूहिक भोज के लिए आमंत्रित किया।

नशा मुक्त अभियान के तहत पथरिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 1 लाख से अधिक का गांजा बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार



**सिरोंज, देशबन्धु।** थाना पथरिया पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रायखेड़ी में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन कर रणनीति बनाई गई।पुलिस टीम ने ग्राम रायखेड़ी में संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर रोका। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास रखे बैग से 7 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1,05,000 रुपये आंकी गई है। साथ ही मौके पर मौजूद मोटरसाइकिल कीमत लगभग 50,000 रुपये को भी जब्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि बरामद गांजा घासीराम मीणा निवासी गंजबासौदा का है, जिसे बेचने के लिए लाया गया था। पुलिस ने मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके विरुद्धधारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जिसमें आरोपी अनिल पुत्र कल्लू चिड़ार, उम्र 31 वर्ष, निवासी गंजबासौदा,दिनेश पुत्र रतनलाल बघेल, उम्र 37 वर्ष, निवासी रायखेड़ी, घासीराम मीणा, निवासी गंजबासौदा को गिरफ्तार किया गया। जिनसे 7 किलोग्राम गांजा अनुमानित मूल्य 1,05,000 रुपये, मोटरसाइकिल अनुमानित मूल्य 50,000 रुपये,कुल बरामद संपत्ति 1,55,000 रुपये जप्त की गई। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना पथरिया की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर अवैध नशे के कारोबार को रोकने में सफलता प्राप्त की। इस अभियान में प्रमुख भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मी थाना प्रभारी उनि ऋतुराज सिंह,उनि गौरव,सउनि विजय सिंह,सउनि पवन जैन,प्रआर. जितेंद्र यादव,प्रआर. जितेंद्र शर्मा,आर. अंकुश जाट,आर. शुभेंद्र चौहान,आर. सोनू राजपूत,आर. रवि जादौन,आर. विश्वेश शर्मा,आर. प्रवीण शर्मा,आर. आशीष कुमार महिला आरक्षक रेखा की सराहनीय भूमिका रही( दोनों गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय विदिशा में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हुई प्रतियोगिताएं, 30 महिलाओं को सम्मानित किया



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र विदिशा के तत्वाधान में सावित्री महिला मंडल की सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजित किया। इस दौरान चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में अतिथि मंडल की संरक्षक विकास वंदना तिवारी, सोनाली शेवड़े, बाल कल्याण समिति सदस्य लक्ष्मी शर्मा, रश्मि देशपांडे, हेमा राय, कांति शर्मा, पार्लर प्रशिक्षिका अर्चना गोस्वामी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से घरों में काम कर रही सेवा भावी बहनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर 30 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में विनीता रैकवार, दयाबाई नामदेव, रति मालवीय, अनीता रघुवंशी है। कुछ महिलाओं के द्वारा चेयर रेस एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

जिसमें जो महिलाएं प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया, उनको भी सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराधा राजपूत, शिवानी धनक, सपना कुशवाहा, गुनगुन शर्मा, अंबिका विश्वकर्मा, रश्मि मालवीय, मेघा कुशवाहा, साधना कुशवाहा, शिवानी विधि सेन, पारुल लोधी, कोमल, पुष्प, सोनिया, फिजा खान ,पार्वती यादव, मेघा सिलावट थी। कार्यक्रम का संचालन रश्मि देशपांडे द्वारा किया गया एवं आभार अर्चना गोस्वामी द्वारा व्यक्त किया गया।

# विधायक ने उठाए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल



**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम अहमदाबाद खिल्ली तहसील सिरोंज में अनुसूचित जाति के लक्ष्मीनारायण अहिरवार के साथ 24 फरवरी 2025 को कुछ कुख्यात आपराधिक प्रवृति के लोगों ने प्राणघातक हमला किया था किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा प्रारंभ में कार्यवाही नहीं की। इस कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं तथा अनुसूचित जाति वर्ग एवं अन्य ग्रामवासी भयभीत है। भविष्य में भी कोई अनहोनी घटना की आशंका को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों ने विधायक उमाकांत शर्मा के गांव पहुंचने पर उन्हें अवगत कराया। विधायक उमाकांत शर्मा ने गत दिवस वरिष्ठ नेतृत्व एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम अहमदाबाद खिल्ली में पीड़ित और फरियादी परिवार से भेंट कर जानकारी लेने हेतु गए। ग्राम वासियों ने विधायक उमाकांत शर्मा को बताया कि अभी भी अनुसूचित जाति वर्ग एवं अन्य लोगों में बहुत अधिक भय व्याप्त है।

विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मैं स्थानीय एवं जिला पुलिस प्रशासन से पीड़ित परिवार एवं समाज को ग्रामवासियों को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु मांग करता हूँ। शीघ्र नियमानुसार कठोर कार्यवाही की मांग करता हूं। मध्यप्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रभावी मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मैं एवं सम्पूर्ण भाजपा परिवार पीड़ित परिवार, ग्रामवासी और सामाजिक बंधुओं के साथ खड़े है कोई भी कितना भी शक्तिशाली बड़े से बड़े अपराधी हो उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा विधि और नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही होगी। मैंने निरंत पुलिस अधीक्षक विदिशा, एस डी ओ पी सिरोंज स जो कमियां पुलिस कार्यवाही में रह गई हैं उनको तत्काल पूर्ण करने हेतु मैंने निर्देश दिए है। शासन, प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था शांति व्यवस्था कठोरतापूर्वक बनाई रखनी चाहिए, शेष दोषियों को भी गिरफ्तार कर नियमानुसार सक्षम धाराओं में कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान सएसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश तिवारी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष झारसिंह दांगी, नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, जनपद में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, सेक्टर प्रभारी भैरों सिंह कुर्मी, अनोखीलाल शर्मा, कार्यालय मंत्री राजेन्द्र दांगी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामवासियों ने पंचनामा बनाकर भी शिकायत प्रस्तूत की है तथा स्थानीय व जिला पुलिस प्रशासन से समुचित और नियमित सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है मैं भी फरियादी एवं पीडित परिवार को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने हेतु आग्रह करता हूँ और निर्देश देता हूँ। सभी ग्रामवासियों से निवेदन है कि घबराए नहीं हम सब और पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं।

# संजीवनी क्लीनिक का किया शुभारंभ, अब वार्ड में ही लोगों को मिलेगा उपचार



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** रविवार को वार्ड क्रमांक 6 एवं 10 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण एवं राजीव गांधी जनचिकित्सालय में बर्थ वेटिंग कक्ष का क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव, विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, वार्ड पार्षद मनीष विश्वकर्मा एवं मनोज अहिरवार के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान बीएमओ डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 6 एवं वार्ड 10 में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक क्षेत्रांतर्गत आने वाले जनसामान्य को शासन की मंशा अनुरूप त्वरित स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही है। वर्तमान मे संचालित निरोगी काया अभियान के अंतर्गत 30 वर्ष व 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग बीपी व शुगर की जांच मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से सुचारू रूप से कराई जावेगी एवं चिकित्सालय स्थित बर्थ वेटिंग रूम को लागू करने का उददेश्य विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों और अत्याधिक होम डिलीवरी वाले क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं, साथ ही अत्यन्त जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिये कुशल सेवाप्रदाताओं द्वारा समय पर उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर मातृ और प्रसवकालीन मृत्यु दर को कम करना है। ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर प्रसव की संभावित तिथि के 7 से 10 दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रूम मे भर्ती कर पूर्ण देखभाल व उचित उपचार प्रदान किया जा सके जिससे कि शासन की मंशानुरूप गृहप्रसव शून्य कारकर संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराया जा सके। कार्यक्रम समापन के बाद सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने शुगर सहित अन्य जांच कराई।

# अग्रवाल महिला मिलन समिति ने मनाया महिला दिवस

**दमोह देशबन्धु।** अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि अग्रवाल, राधा बहू मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल, महिला मिलन समिति की अध्यक्ष कंचन, महिला मिलन पदाधिकारी उपाध्यक्ष सीमा, सचिव वीणा, सह सचिव रचना, कोषाध्यक्ष सपना, सांस्कृतिक सचिव रश्मि, मीडिया प्रभारी सपना/मनोज, महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष प्रमिला, कुसुम, अनिता, रमा, संगीता, व बड़ी संख्या में महिला मिलन एवं महिला महासभा की बहनों द्वारा किया गया। इसी क्रम में इस वर्ष अनिता स्व.बिहारीलाल अग्रवाल व सरिता स्व. शरद अग्रवाल का शाल व श्रीफ्ल से सम्मान कियागया। समाज की इन महिलाओं ने अकेले ही जीवन की सभी परेशानियों का सामना करते हुए अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव श्रीमती रश्मि द्वारा किया गया। फ्रि सभी महिलाओं ने होली के शुभ अवसर पर गाने की धुन में जमकर फूलो की होली खेली व गानो पर थिरकती नज़र आयी।

कार्यक्रम के समापन में महिला मिलन अध्यक्ष कंचन द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया व आयोजन को सफ्ल बनाया।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ की हुई बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** रविवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई की बैठक नवीन बस स्टैंड स्थित पत्रकार भवन में संपन्न हुईं। उक्त बैठक में मुरैना अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में पत्रकार साथियों को उपस्थिति एवं तहसील इकाई अध्यक्ष के संबंध में भी जिला अध्यक्ष नरेंद्र भदोरिया ने चर्चा की और सभी ने सर्व सहमति से पुन: मुकेश रघुवंशी को अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया। इसके बाद भदौरिया ने घुवंशी को तहसील इकाई का अध्यक्ष बनाने की घोषणा करते हें कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की रीति नीति और पत्रकारों के हितों के लिए इसी तरह काम करते रहें। ज्यादा संख्या मे सदस्य बनाए उन्होंने बैंठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा हर एक पत्रकार की चिंता करता है हमारे प्रांतीय अध्यक्ष सालव भदोरिया सरकार से पत्रकारों की लिए कार्य करते हैं। हमारी कई मांगे पूर्ण हुई है जो बची है उनको भी पूर्ण करवाने के लिए संघ कार्य कर रहा है। हम सबको मिलकर अधिवेशन में शामिल होना है। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो, पत्रकारों के लिए कॉलोनी की सुविधाएं मिले,5 लाख तक का बीमा तहसील के पत्रकारों को भी मिले, इसके अलावा टोल नाकों पर मध्यपदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड मान्य हो उसका प्रयास भी संगठन प्रयास कर रहा है । महासचिव हाकम रघुवंशी ने अधिवेशन के संदर्भ में बताया कि तीसरा अधिवेशन मुरैना में हो रहा है इसमें साथियों की संख्या प्रयास उसका प्रयास करें। तहसील इकाई अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी ने कहा संगठित होकर हम अपनी बात को रखेंगे तो कोई भी सरकार हो उसको हमारी बात माननी होगी। तहसील स्तर के पत्रकारों को भी शासन से सुविधा मिले उसके संबंध में विचार रखें। इसके अलावा अधिवेशन में साथियों उपस्थित अच्छी होगी इसका भरोसा भी दिया। कोषाध्यक्ष सईद खान ने कहा कि संगठन पूरी सफलता से पत्रकारों के हितों के लिए काम हम इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगे। स्थानीय महासंघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य रोहिताश्व शर्मा ने कहा कि मध्यपदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बहुत पुराना संगठन है पत्रकारों के लिए हमेशा सक्रिय होकर कार्य करता है। जिला उपाध्यक्ष रवि चौरसिया तथा बासौदा इकाई अध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव ने भी अधिवेशन के संबंध मैं विस्तार से बताया। संचालन रिंकू सामान्य किया।आभार नीरज शर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान होली मिलन हुआ। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। जिला उपाध्यक्ष रुपेश यादव हेमराज गर्जर, सुरेंद्र रघुवंशी, अशोक जैन,रेवाराम कुशवाहा, नसीम खान, आदेश बरसडे,,कृष्ण चंद पटेल ,राजीव रघुवंशी उपस्थित रहे।

होली मिलन कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने की समस्याओं पर चर्चा

# सब्जी बेचने वालों को नहीं हटाया तो सर्राफा संघ करेगा आंदोलन



**सिरोंज, देशबन्धु।** यदि सराफा बाजार से सब्जी बेचने वालों को नहीं हटाया गया तो व्यापार महासंघ के साथ मिलकर नगर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा और सबसे पहले भूख हड़ताल पर मैं बैठूंगा। यह बात सराफा व्यापार संघ के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने आज सर्राफा संघ द्वारा आयोजित वन भोज एवं होली मिलन कार्यक्रम के दौरान कही। ज्ञात रहे की सराफा बाजार में सब्जी बेचने वाले बाजार में काफी अव्यवस्था पैदा करते हैं और यहां पर स्थाई रूप से खड़े ठेले व्यापार में आवागमन में व्यवधान उत्पन्न करते हैं। आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से यही बात उठी और आगामी समय में सोमवार को ज्ञापन देकर आंदोलन की बात कही गई। वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने कहा कि हमें सब्जी वालों को हटाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा व बाजार में जो रोड बन रहा है उसके लिए हमने 6 इंच खुद कर रोड बनाने की मांग की थी परंतु रोड जांच में चला गया है इस कारण मार्ग नहीं बन पाया है। व्यापारियों ने यह तय किया है कि 6 इंच खोदकर ही रोड बने ताकि दुकानों में पानी न भरे। मशीनरी संघ के अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि झंडे से कम ना चले तो डंडा उठाना पड़ेगा तो संगठित होकर कम करें वरना बात कागजों में ही रह जाती है। कांग्रेस नेता भारतदीप मेहता ने कहा कि यह समस्या बहुत पुरानी है सब्जी वालों को कस्टम व बस स्टैंड पर स्थान दिया गया था परंतु वे वहां नहीं गए। हम अपना हक मांग रहे हैं। निवेदन करने को कमजोरी समझ जाता है। मेहता ने बाजार में महिलाओं के लिए शौचालय की समस्या से भी अवगत कराया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल त्यागी ने कहा कि हमें उन गरीबों का भी ध्यान रखना पड़ेगा ताकि वे अपना व्यवसाय कर पेट पाल सके।सब्जियों की दुकान एक जगह हो जाए।

इस हेतु जो प्रशासनिक गतिविधियों चल रही है उस पर नजर रखी जाए। त्यागी ने सिरोंज को जिला बनाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पदम ताम्रकार ने कहा कि हमने प्रयास किया है हमारी ताकत सारे संघ है इस समस्या में खास बात यह है छोटे सब्जी विक्रेता तो सराफा दुकान खुलने तक करीब करीब अपना व्यापार कर चले जाते हैं परंतु स्थाई रूप से दुकानों के सामने खड़े होने वाले ठेले को बाहर करवाना होगा। क्योंकि वे कुछ कहने सुनने पर बदतमीजी पर आमादा हो जाते हैं। ताम्रकार ने शीघ्र ही अपनी संघ की सूचियां बनाकर देने की बात कही.इस दौरान कार्यक्रम में कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर आदिवासी समाज की नारी शक्ति ने दिखाई एकजुटता

## अपने अधिकारों को जानें, समाज को अपराध मुक्त बनाएं: झारिया

**बैतूल, देशबन्धु।** समस्त आदिवासी समाज संगठन महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन गुरुद्वारा रोड स्थित आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी समाज की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलन और महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद महिला अतिथियों का स्वागत हल्दी चावल का टीका लगाकर, पुष्प गुच्छ और भारतीय संविधान की प्रस्तावना के फोटो फ्रेम उपहार स्वरूप देकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एमसीआई डांस टीम और खेड़ली डांस ग्रुप ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम और अधिक आकर्षक बन गया। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की ओर से केक काटकर सभी महिला अतिथियों और उपस्थित नारीशक्ति को पौधे और बैग वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति




जागरूक रहना होगा और समाज में अपराध पर रोक लगाने के लिए सतर्क रहना होगा। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि गांव से शहर पढ़ने आने वाले बच्चों पर ध्यान दें। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रयास एक कोशिश कार्यक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि इसके माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को सही दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

कृषि विभाग में पदस्थ अलका धुर्वे ने महिलाओं को आधुनिक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं नई तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं और कृषि विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। डीएसपी शिखा भलावी ने महिलाओं के अधिकारों और कानूनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और किसी भी परिस्थिति में पीछे हटने की आवश्यकता नहीं है। आदिवासी समाजसेवी राखी करोचे ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। वे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक क्षेत्रों में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। डॉ. कृष्णा मौसिक ने कहा कि महिलाएं अपने घर-परिवार के साथ राष्ट्र की विकास धारा में तेजी से खुद को जोड़ रही हैं और हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। महिला नेत्री पुष्पा पेंदाम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और जागरूक होना जरूरी है, क्योंकि वे अब हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं और उनके लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। महिला समाजसेवी देवेश्वरी मरकाम ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित करना और सामाजिक बुराइयों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करना है।

इस अवसर पर डॉ. लिपि पदमाकर, डॉ. भारती सरियाम, गौरी बालापुरे पदम्, रेंजर कीर्ति मरकाम, आकांक्षा खातरकर, गीता उइके, मीनाक्षी कवड़े, करुणा सरियाम, कंचन धुर्वे, दुर्गा उइके, शशि वाडिवा, संगीता परते, अनीता सलामे, बबली कुमरे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की एम. डी. निता निगम, पुष्पा मर्सकोले, राकेश कुमार बैरवा (एसबीआई जनरल इंश्योरेंस), निर्मला पन्द्राम, रनिता धुर्वे, बैतूल बाजार थाना प्रभारी अंजना धुर्वे, पूजा उइके, गोंडी गायिका ममता उइके, वीणा धुर्वे, नेहा इवने, ज्योति उइके, अंतिम काकोडिया, आरती कंगाले, जयवंती इरपाचे, मीणा उइके, जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, जितेंद्र सिंह इवने, डॉ. राजा धुर्वे, राजेश कुमार धुर्वे, जामवंत सिंह कुमरे, रामदास उइके, कानुलाल उइके, सुनील कवड़े, डॉ. प्रदीप उइके, प्रियंका सिरसाम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### युवा कांग्रेस ने किया महिला सशक्तिकरण का सम्मान



**बैतूल , देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव के आदेशानुसार और प्रदेश सचिव सरफराज खान के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला डॉक्टर डॉ. प्रतिभा रघुवंशी, डॉ. स्तुति धोटे, पत्रकार गौरी बालापुरे, कवियत्री अनुराधा विशाल देशमुख और समाजसेवी अभिलाषा धोटे सहित अन्य महिलाओं को शाल श्रीफल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत पगारिया, युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल, मनीष देशमुख, डॉ. नितिन देशमुख, राजा सोनी, मिथिलेश सिंह राजपूत, महेश थोटेकर, अतुल शर्मा, अभिषेक पंवार, निखिल देशमुख, मयूर बारस्कर सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आमलकी एकादशी व्रत अनुष्ठान पूजन समारोह आज

**बैतूल , देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में आमलकी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन आज 10 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे से तुलसी भवन विनोबा नगर बैतूल में आयोजित की जाएगी। पंडित नरेंद्र दुबे ने बताया कि आमलकी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान करने से साधक को भगवान विष्णु की कृपा की प्राप्ति होती है। इस दिन तुलसी पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के निमित्त व्रत और पूजा पाठ करने से साधक को मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

### माझी सरकार के प्रतिनिधि ने दी शुभकामनाएं



**बैतूल, देशबन्धु।** गवाझड़प चुनागोसाई चिचोली में आयोजित तिलक समारोह में माझी सरकार के भारत प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस शुभ अवसर पर अंबिका और मुकेश का तिलक कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और परिवारजनों व रिश्तेदारों ने वर-वधू को शुभकामनाएं दीं। माझी सरकार के भारत प्रतिनिधि ने नवयुगल को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय भविष्य की कामना की।

### कमलेश बने प्रान्त सह धर्म प्रसार प्रमुख



**बैतूल, देशबन्धु।** गुना में विश्व हिन्दू परिषद की प्रान्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन के विस्तार और हिन्दू समाज को मजबूती देने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। इस बैठक में प्रदेशभर के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान हिन्दू धर्म के प्रचार-प्रसार और संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से बैतूल के युवा कार्यकर्ता कमलेश प्रजापति को प्रान्त सह धर्म प्रसार प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कमलेश प्रजापति के अनुभव और समर्पण से धर्म प्रसार के कार्य को और अधिक गति मिलेगी। बैठक में हिन्दू समाज को सशक्त बनाने, गौ सेवा, मंदिरों के जीर्णोद्धार और सामाजिक समरसता बढ़ाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कमलेश प्रजापति को यह दायित्व सौंपे जाने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया और विश्वास व्यक्त किया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें हिन्दू युवाओं को संगठित करने, धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की रणनीति तैयार की गई।

# सुजाता महिला मंडल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

### उत्कृष्ट कार्य के लिए गीता और रंजन सम्मानित

**आमला, देशबन्धु।** सुजाता महिला मंडल एवं भारतीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा बैतूल की महासचिव आयु गीता नागले रही, जबकि अध्यक्षता पूरणा कातुलकर ने की। आयोजन में सुजाता महिला मंडल की अध्यक्ष एवं भारतीय बौद्ध




महासभा की उपाध्यक्ष आयु नालंदा शेषकर, आयु नंदा गौरी, फूला बाई झरबड़े, सुआबाई मालवी समेत कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रंजना बोरकर ने सुचारू रूप से किया। गीता नागले ने अपने संबोधन में महानायकों के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी और महिलाओं को प्रेरित किया। इस दौरान दुर्गा नंदेश्वर, पंचशील ताई, मालती चंदेलकर, मालती वामनकर, अंजू शेषकर, मीना खातरकर, शीला खातरकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए आयु गीता नागले और रंजना बोरकर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी महिलाओं को सम्मानित कर स्वल्पाहार वितरित किया गया। आयोजन के अंत में सुजाता महिला मंडल की अध्यक्ष नालंदा शेषकर ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा की जिला सचिव आयु वर्षा नागले ने दी।

# आयुष प्रचार शिविर में 233 ने आयुर्वेदिक और 174 ने होम्योपैथिक औषधियों का लिया लाभ



**बैतूल ।** जिले में आयुष विभाग की ओर से लोगों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष ग्राम हिवरखेड़ी द्वारा देवगांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने आयुष प्रचार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संचालक आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार, जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में और जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। वहीं आठनेर में फागुन मेले का आयोजन किया गया, जहां आयुष विभाग ने आयुष प्रचार शिविर लगाया।

मेले का शुभारंभ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने किया, उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार भी मौजूद थे। इस शिविर में 110 लाभार्थियों को नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया, जिससे वे अपने रोगानुसार स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी किशनानी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) और डॉक्टर नितिन अतुलकर, डॉक्टर निधि मालवीय, डॉक्टर शिल्पा धोटे, डॉक्टर प्रीतिबाला पाटनकर, डॉक्टर शैलेंद्र कृष्ण तिवारी (होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी) सहित कुल 19 कर्मचारियों ने सेवाएं दीं। शिविर में आमवात, संधिवात, ज्वर, रक्ताल्पता, अर्श, मधुमेह, चर्म रोग, उदर रोग, श्वास और कास जैसी बीमारियों के लिए नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही आयुष क्योर ऐप की जानकारी दी गई और सरल योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षिका पारुल पालीवाल ने शिविर में आए लोगों को योगाभ्यास करवाया और बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। शिविर में 233 लोगों ने आयुर्वेदिक और 174 लोगों ने होम्योपैथिक औषधियों का लाभ उठाया, जिससे कुल 407 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

### आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में स्वर्ण प्राशन आज

पुष्य नक्षत्र के अवसर पर 10 मार्च को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में स्वर्ण प्राशन करवाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। डॉक्टर योगेश चौकीकर (बाल रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि स्वर्ण प्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, जिससे वे मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। इसमें स्वर्ण भस्म के साथ मधु, घृत और अन्य औषधियों का विशेष मिश्रण तैयार किया जाता है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों को इस लाभकारी प्रक्रिया से जरूर लाभान्वित कराएं।

# लवली कान्वेंट स्कूल में विज्ञान दिवस का आयोजन

### विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और महावीर जन सेवा एवं जन उत्थान समिति, भोपाल के सहयोग से लवली कान्वेंट स्कूल, बिरुल बाजार में विज्ञान दिवस पर विज्ञान का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य प्रभात पट्टन श्रीमती ज्योति बनाइत ने किया। इस अवसर पर समग्र क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महासभा के प्रदेशअध्यक्ष डॉ. खुशराज धोटे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री राजेश मालवी और महावीर जन सेवा एवम जन उत्थान समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार जैन ने विज्ञान के महत्व पर विचार साझा किए। प्रतियोगिता में कु. हर्षिता पाटिल ने प्रथम, कु. माही पवार ने द्वितीय और कु. आशिमा मनशुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मीमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य कु. माया सातपुते, संस्था उपाध्यक्ष श्री विठ्ठलराव वाडबुदे व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कु. भावना पाटील ने कार्यक्रम का संचालन किया। यह आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।



# गायत्री परिवार ट्रस्ट आमला की बैठक सम्पन्न

**भेसदेही, देशबन्धु ।** गायत्री प्रज्ञा पीठ, गोविंद कालोनी, आमला पर रविवार को मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ठाकुरदास पंवार की अध्यक्षता एवं छिंदवाड़ा उपजोन समन्वयक दिनेश देशमुख एवं जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा की उपस्थित में गायत्री परिवार ट्रस्ट आमला की बैठक सम्पन्न हुई। सामूहिक गायत्री मन्त्र के साथ बैठक प्रारम्भ की गई।



सर्व प्रथम शिशुपाल डढोरे ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई और उस पर चर्चा की गई, अधूरे कार्यों को पूरा करने हेतु कहा गया। जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा द्वारा ट्रस्ट गठन हेतु मार्गदर्शन और शांतिकुंज के निर्देशों की जानकारी परिजनों को बताई । गोष्ठी में उपजोन समन्वयक दिनेश देशमुख जी द्वारा आदरणीय शैलबाला पण्डया प्रमुख अखिल विश्व गा परिवार शांतिकुंज के पत्र का वाचन कर सभी परिजनों को शांतिकुंज द्वारा जारी ट्रस्ट गठन हेतु दिशा निर्देशों को बताया। उन्होने विस्तार पूर्वक ट्रस्टीयों की जिम्मेदारी और दायित्व के निर्वहन हेतु जानकारी प्रदान कर उचित प्रक्रिया और उद्देशिका बताई। तत्पश्चात गायत्री प्रज्ञा पीठ आमला के लिए ट्रस्ट मंडल का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बी पी धामोड़े को प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी, के के सूर्यवंशी को सहायक ट्रस्टी, भीमराव देशमुख वित्त ट्रस्टी, ठाकुरदास पवार , कैलाश वर्मा, पंचफूला देशमुख, किरण टिकारे ट्रस्टी सदस्य बनाये गए।

गोष्ठी में उपजोन सदस्य सम्पतराव धोटे, शिशुपाल डढोरे जिला सहसमन्वयक रविशंकर पारखे एवं जिला समन्वयक समिति सदस्य अनूप वर्मा, जिला युवा प्रकोष्ठ समन्वयक निलेश कुमार मालवीय, वरिष्ठ परिजन रमेश सूर्यवंशी तहसील समन्वयक नर्मदा प्रसाद सोलंकी एवं गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे ।

### सारणी पुलिस का नशा माफिया पर करारा प्रहार

# 2 किलो डोडा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सारनी ,देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रदेश भर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना सारणी एवं चौकी पाथाखेड़ा की विशेष टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लाखा बंजारा मंदिर की तरफ से एक व्यक्ति, जिसकी पहचान राकेश शर्मा पिता दीनदयाल शर्मा, उम्र 29 साल, निवासी ग्राम बटकीडोह, थाना चोपना के रूप में हुई है, एक थैली में डोडा लेकर पैदल आ रहा है। इस सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया और मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा गया। पुलिस टीम ने जब आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से एक थैली में लगभग 2 किलोग्राम डोडा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डोडा को जब्त कर लिया और आरोपी राकेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राकेश शर्मा के खिलाफ अपराध क्रमांक 147/25 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री निश्चल एन. झारिया ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नशे के अवैध व्यापार में लिप्त असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी और किसी भी नशे के सौदागर को बख्शा नहीं जाएगा।

# तैयारी- गर्मी में जलसंकट ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति की योजना , गैराज में तैयारी देखी

- नगरपालिका के पास हैं पेयजल आपूर्ति के लिए 16 पानी टैंकर
- पुरानी इटारसी बस स्टैंड स्थित ट्यूबवेल से भी भरेंगे पानी




**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गर्मी में होने वाले जलसंकट ग्रस्त क्षेत्रों में वॉटर सप्लाई की प्लानिंग के साथ ही गैराज पहुंचकर तैयारी भी देखी। यहां इस दौरान जलकार्य विभाग के रविंद्र जोशी, राजा मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि नगरपालिका में 16 पानी के टैंकर मौजूद हैं, जिसमें से 8 एकदम सही हैं, 8 में कुछ मरम्मत कार्य होने हैं, जिन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा यह तय किया है कि पानी इटारसी बस स्टैंड पर मौजूद ट्यूबवेल को वाटर सप्लाई व फायर पंप बनाया जाएगा। पुरानी इटारसी क्षेत्र में इसी पंप से पानी की सप्लाई की जाएगी।

आपको बता दें कि अभी पीपल मोहल्ला बिजली कंपनी के सामने और विश्वनाथ टॉकीज के पास मौजूद पंप से टैंकर पानी भरते हैं।

**वार्ड 20 में नाली निर्माण का निरीक्षण** – नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पुरानी इटारसी में नाली निर्माण के लिए उपयंत्री आदित्य पांडे और भाजपा नेता आशीष मालवीय के साथ निरीक्षण किया। यहां दो स्थानों पर नाली निर्माण होना है।

# वीटीसीए नागपुर ने बीडीसीए बैतूल को एकतरफा शिकस्त दी

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में चल रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप में 9 मार्च को खेले गए मुकाबले में वीटीसीए नागपुर ने बीडीसीए बैतूल को एकतरफा शिकस्त दी। नागपुर के तेज गेंदबाज सलमान राजा ने 5 विकेट झटककर बैतूल की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बीडीसीए की टीम 316 रनों का पीछा करने में पूरी तरह नाकाम रही और महज 97 रन पर ढेर हो गई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नागपुर की टीम ने 35 ओवर में 316 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदित्य ने 43 गेंदों में 69 रन, प्रबल ने 62 गेंदों में 73 रन और शांतनु ने 32 गेंदों में ताबड़तोड़ 59 रन बनाए। बैतूल की तरफ से निहाल ने 3 विकेट चटकाए, लेकिन वह नागपुर की आक्रामक बल्लेबाजी पर लगाम नहीं लगा सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीडीसीए बैतूल की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम एक के बाद एक विकेट गंवाती चली गई।



नागपुर के घातक गेंदबाज सलमान राजा ने 5 विकेट लेकर बैतूल की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। पूरी टीम सिर्फ 97 रन पर सिमट गई। बैतूल के लिए आयुष ने अकेले संघर्ष करते हुए 59 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन उन्हें किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला।

इस मुकाबले के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजन समिति ने महिला अतिथियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस महिला नेता एवं पूर्व पार्षद जमुना पंडाग्रे, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा पेंद्राम, प्रेरणा शर्मा, शहरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका निरापुरे, पार्षद नंदिनी तिवारी, अर्चना साहू, मीनाक्षी झरबड़े, पूर्व सरपंच पुष्पा मर्सकोले और शबाना अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति के राजकुमार दीवान यादव और ऋषि दीक्षित ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। राजीव कप में 10 मार्च को वीटीसीए नागपुर और भोपाल फाइटर्स के बीच प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। नागपुर की टीम अपने पिछले मैच में बीडीसीए बैतूल को 219 रनों से हराकर जबरदस्त फॉर्म में है, वहीं भोपाल फाइटर्स भी जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है, जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी।

# चौरिया कुर्मी समाज की कामकाजी बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा

**इटारसी,देशबन्धु।** नर्मदा पुरम जिले की बड़ी आबादी वाले चौरिया कुर्मी समाज का 14 वॉ सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन



30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर होगा जिसे लेकर समाज की प्रतिनिधि संस्था नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज समिति की विशेष कामकाजी बैठक आज रविवार को धौखेड़ा नहर स्थित प्रिंस गार्डन में हुई।

समाज समिति के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल ने बताया कि, इस वर्ष आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजक ग्राम चिल्लई है। अत: इस बैठक की अध्यक्षता आयोजन ग्राम के वरिष्ठ नाथूराम चौरे ने की। बैठक में वरिष्ठों एवं युवाओं के बीच तालमेल बनाकर अलग-अलग समितियां गठित की गई, जिनमें भोजन व्यवस्था समिति, स्वागत समिति, आमंत्रण एवं धन संग्रह समिति, सामग्री क्रय समिति सहित अन्य समितियां गठित की गई। समाज संगठन के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल के अनुसार उपरोक्त आयोजन में आमंत्रण कार्य के लिए संपूर्ण नर्मदापुरम जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र को 13 सेक्टर में बांटा है।

इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में व दूसरे प्रदेशों में रहने वाले सामाजिक सदस्यों को भी इस सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए एक विशेष समिति गठित की गई है। इस सामाजिक आयोजन का आमंत्रण अभियान होली बाद 20 मार्च से प्रारंभ होगा। उपरोक्त कामकाजी बैठक में संयोजक ग्राम चिल्लई के साथ ही पूरे जिले के सामाजिक जन मौजूद थे। बैठक का संचालन अधिवक्ता जयप्रकाश पटेल ने किया।

मुख्यमंत्री झाबुआ के भगोरिया पर्व में हुए शामिल, बोले-

# भीलों के साथ सरकार की दोस्ती पक्की, विकास के हर प्रयास करेंगे

## मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति, देवी लोक का सरकार करेगी जीर्णोद्धार





**झाबुआ, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को झाबुआ के भगोरिया पर्व के साथ ही भील महासम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भीलों की और सरकार की दोस्ती पक्की हो रही है। इसलिए उनके विकास के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यहां पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति के साथ ही भीलों की कुलदेवी टेटकी माता मंदिर के जीर्णोद्धार करने की बात कही। भगोरिया को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि ढोल की गमक, मादल का आनंद, टिमकी व घुंघरुओं की ध्वनियां और बांसुरी की स्वर लहरियों के मध्य निश्छल जनजातीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम और जीवंत उत्सव है भगोरिया।

उन्होंने कहा कि ये उत्साह, आनंद और उमंग ही तो हमारी संस्कृति के विविध रंग है। रंगोत्सव से पूर्व भगोरिया पर्व में जनजातीय भाई-बहनों के प्रेम के रंग में रंगकर अभिभूत हूं। जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण एवं जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए हमारी सरकार संकल्पित और कार्यरत है। स्थानीय बस स्टेंड पर भील महासम्मेलन में पहुंचने डॉ. मोहन यादव का आदिवासी संस्कृति के अनुसार तीर-कमान, साफा, झुलड़ी और चांदी का कड़ा पहना कर स्वागत पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने भीली भाषा में दिया। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण में उनके पिता स्व. दिलीप सिंह भूरिया के योगदान को याद किया। साथ ही भाजपा सरकारों द्वारा पैसा एक्ट, वनाधिकार कानूनों को लागू करने की बात कही।

### झाबुआ को भीलों की राजधानी बताने पर मुख्यमंत्री हुए खुश

पूर्व सांसद और भील महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमानसिंह डामोर ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। इस दौरान उन्होंने झाबुआ को भीलों की राजधानी बताया। सीएम ने अपने भाषण में इसका उल्लेख करते हुए खुशी जाहिर की। डामोर ने मुख्यमंत्री के सामने भील विकास प्राधिकरण स्थापित करने, भील देवी-देव लोक बनाए जाने, प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भील धर्मशाला का निर्माण करने सहित कई मांगें रखी। इस दौरान डामोर ने झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना और एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के द्वारा चलाए जा रहे डी-3 (दहेज, दारू, दापा) के सकारात्मक परिणामों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। साथ ही आदिवासी समाज के उत्थान के लिए इस डी-3 मॉडल को प्रदेश के आदिवाली बाहुल्य जिलों में लागू करने की मांग भी की गई। इनमें से अधिकांश मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की।

### झाबुआ के लोगों को मिलेगा इलाज, युवा बनेंगे डॉक्टर

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खुलेगा। झाबुआ के लोगों को इलाज के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। आने वाले समय में आदिवासी समाज से कई युवा डॉक्टर बनकर निकलेंगे। आदिवासी बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए निशुल्क कोचिंग क्लासेस प्रारंभ की बात भी कही।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक आदिवासी को बनाया

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंनें कभी आदिवासियों को आगे बढ़ने नहीं दिया, सिर्फ उनके वोट लेकर अपने स्वार्थ सिद्ध किये। भाजपा ने आज देश में आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया और ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेशों में आदिवासियों और पिछडों को मुख्यमंत्री बनाया है।

### 26 सौ रूपए क्विंटल होगा गेहूं का समर्थन मूल्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार अब गेहूं 26 सौ रूपए क्विंटल के भाव से खरीदेगी। किसान को अन्न के दाने का एक-एक रूपया पूरा मिलेगा। प्रदेश में किसानों को स्थाई कनेक्शन 5 रूपए में दिया जायेगा। गांवों में पक्की सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। झाबुआ की जीवन रेखा अनास नदी को नर्मदा नदी से जोडा जायेगा। उद्योगों को प्रोत्साहन दिलाने के लिये झाबुआ में लाभ दिलाया जायेगा। निजी अस्पताल आदिवासी क्षेत्रों में खोलने के लिये सरकार की तरफ से 20 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा।

### दूध पर 5 रूपए बोनस देगी सरकार

डॉ. यादव ने कहा कि गंभीर बीमारी के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। साथ ही उज्जैन, ओंकारेश्वर सहित अन्य जगह धर्मशालाएं बनाने के लिए जगह दी जायेगी। झाबुआ नगर के लिए कालिका माता मंदिर से लिंक रोड बनाने की स्वीकृति दी। किसानों के द्वारा दूध उत्पादन किया जाकर बेचा जाता है, तो उस पर 5 रूपए बोनस राशि दी जाएगी।

### यह रहे मौजूद

भील महासम्मेलन में बांसवाड़ा (राजस्थान) से पूर्व मंत्री कनकमल कटारा, रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कलसिंह भाबर, भाजपा जिला प्रभारी हरिनारायण यादव, धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मैडा, वैलसिंह भूरिया, झाबुआ नपाध्यक्ष कविता सिंगार, राजू डामोर आदि उपस्थित थे।

## मांदल पर थाप देकर भगोरिया के रंग में रंगे मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भगोरिया में आदिवासीयों के बीच भगोरिया का लुफ्त भी उठाया और ढोल-मांदल पर थाली की थाप देकर भगोरिया के रंग में रंग गए। साथ ही उन्होंने सभी आदिवासी भाई-बहनों को भगोरिया और होली की शुभकामनाएं भी दी। स्थानीय दिलीप गेट से लेकर बस स्टैंड तक मुख्यमंत्री खुली जीप में भगोरिया गैर में शामिल हुए। उनके आगे करीब 250 ढोल-मांदल के साथ हजारों लोग भगोरिया की गैर में उत्साह के रंग में रंगे हुए साथ चल रहे थे।

## स्व. दिलीप सिंह भूरिया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

डॉ. यादव का झाबुआ हेलिपेड पर स्वागत किया गया। प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मुख्यमंत्री की आगवानी की। इस अवसर पर हेलिपेड पर आदिवासी नृतक दल ने भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति भी दी। मुख्यमंत्री ने झाबुआ के मेघनगर नाके पर स्थापित स्व. दिलीप सिंह भूरिया की प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण कर उनके पुण्य स्मरण को याद किया।

मुख्यमंत्री आज करेंगे माधव टाइगर रिजर्व का करेंगे शुभारंभ

# बाघ और बाघिन को टाइगर रिजर्व में छोड़ा जायेगा

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार माना
- टाइगर रिजर्व में अब बाघों की संख्या 7 हो जायेगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 मार्च को मध्यप्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस ऐतिहासिक अवसर पर एक बाघ एवं एक बाघिन को टाइगर रिजर्व में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टाइगर रिजर्व की 13 किलोमीटर लम्बी पत्थर की सेफ्टी वॉल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश के 58वें और मध्यप्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व की सौगात प्रदान करने पर आभार जताया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टाइगर रिजर्व बनने से वन्य-जीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन को नई ऊँचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश को वन्य-जीव संरक्षण क्षेत्र में मिली एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माधव राष्ट्रीय उद्यान ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित होने से वन्य-जीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। शिवपुरी स्थित माधव नेशनल पार्क अब प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व बन गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक आश्चर्यजनक समाचार प्राप्त हुआ है। भारत वन्य जीव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा हमारे वन्य प्राणियों की रक्षा करने और एक सतत् विकासशील ग्रह में जीवन कायम रखने में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या 5 है। इसमें 2 नर और 3 मादा शामिल हैं। बाघिन ने 2 शावकों को जन्म दिया है, जिनकी उम्र लगभग 8 से 9 माह है। सोमवार 10 मार्च को दो बाघ और छोड़े जाने से टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या 7 हो जायेगी।

# राज्यपाल ने अंगदान जनजागृति कार रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ऑर्गन डोनेशन कार रैली को हरी झंडी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। रैली का आयोजन जी.एम.सी एल्यूमनी एसोसिएशन और किरण फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन के गेट नंबर एक से वाहन रैली को रवाना किया। उन्होंने देहदानी डॉ. एस.आर. मोघे, देहदानी, नेत्रदानी मीरा गोहिया, नेत्रदानी गणेश कुमार पटेल, नेत्रदानी, देहदानी राम कृपाल सिंह, नेत्रदानी आशा देवी लोकवानी, नेत्रदानी चंद्र भूषण सिंह और नेत्रदानी, देहदानी राधेश्याम पटेल के परिजनों को सम्मानित किया।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने राजभवन में सौजन्य भेंट की।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस सुश्रृत धर्माधिकारी ने रविवार को सौजन्य भेंट की।

दिग्विजय का बयान

# राहुल गांधी भाजपा से जुड़े नेताओं को कब निकालेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा गुजरात में दिए गए बयान के बाद वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी भाजपा से जुड़े नेताओं को कब कांग्रेस से निकालेंगे।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कल गुजरात में बैठक कर बयान दिया था कि भाजपा के आधे नेता भाजपा से मिले हैं। इस पर आज वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राहुल गांधी को उनके बयान के लिए बधाई देता हूँ। मुझे याद है मैं जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात में प्रचार करने गया था तब मुझे निर्देश दिए गए थे कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन के खिलाफ न बोलूं, हिंदू नाराज हो जाएंगे। श्री सिंह ने लिखा कि संघ हिंदुओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वह केवल धर्म के नाम से हिंदुओं को गुमराह कर उनका शोषण करता है। हिंदुओं के धर्मगुरु शंकराचार्य जी की हज़ारों वर्षों की स्थापित परंपरा है वह आज भी कायम है। उनमें से कौन से शंकराचार्य हैं जो आज भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समर्थक हैं। भाजपा शोषक तत्वों का समूह है जिसका एक मात्र उद्देश्य है लोगों को धर्म के नाम पर लूट कर सत्ता हासिल करना।

कांग्रेस ने बनाई विधानसभा सत्र की रणनीति

# कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और प्रहलाद के बयान को मुद्दा बनाएगा विपक्ष



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के सोमवार से शुरू होने वाले बजट सत्र के मद्देनजर रविवार को भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित की गई।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान पार्टी नेताओं और विधायकों ने चर्चा कर कांग्रेस नेताओं ने निर्णय लिया कि विधायक जहां सदन के भीतर जनता के अधिकारों की आवाज उठाएंगे। वहीं युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस और कांग्रेस के अन्य अनुषांगिक संगठन सड़क पर उतरेंगे और विभिन्न मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। विधायक दल की बैठक में परिवहन भ्रष्टाचार, प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था, भाजपा द्वारा वायदे के मुताबिक लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपये न दिए जाने और प्रहलाद पटेल के जनता को भिखारी कहने को लेकर कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक भाजपा सरकार को घेरेगी।

भाजपा पर चुनावी वादों को पूरा न करने का आरोप

# किसान कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव



**भोपाल, देशबन्धु।** किसान कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है और घोषणा की है कि इसके विरोध में सोमवार को विधानसभा का घेराव करेगी। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सुखदेव पांसे, प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, विधायक दिनेश गुर्जर ने मीडिया को यह जानकारी दी। इन नेताओं ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर किसान कांग्रेस सोमवार को यहां रंगमहल चौराहे पर सुबह लगभग 11 बजे किसानों को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव करेगी। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार को एक वर्ष से अधिक का समय हो गया, लेकिन आज तक विधानसभा चुनाव 2023 में किए वायदों को पूर्ण नहीं किए गए। इसलिए किसानों के अधिकार की लड़ाई किसान कांग्रेस की अगुवाई में लड़ी जाएगी और विधानसभा का घेराव कर भाजपा सरकार को उसके वादे याद दिलाएगी और सरकार को वादों को पूर्ण करने करने के लिए विवश करेगी।

### सज्जन बोले- भाजपा बंद करवा देगी लाड़ली बहना योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाया है कि लाड़ली बहना योजना बस कुछ ही दिनों के लिए है। उन्होंने दावा किया कि बिहार चुनाव के तत्काल बाद भाजपा सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से खुद ही लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को दी जा रही राशि और किसानों को दी जा रही किसान सम्मान निधि बंद करवा देगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना और किसान सम्मान निधि के तहत दी जा रही राशि को लेकर सर्वोच्च न्यायालय कहेगा कि ये गलत है और इन योजनाओं पर रोक लगा दी जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत बना विश्व विजेता, न्यूजीलैंड....** 14 रन का योगदान दिया। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। 46ओवर में मोहम्मद शमी ने डैरिल मिचेल को आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। डैरिल मिचेल ने 101 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये (63) रनों की जूझारू पारी खेली।

सातवें विकेट के रूप में 49वें में कप्तान मिचेल सैंटनर(आठ) रनआउट हुए। माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 53) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया।भारत की ओर वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**बोकारो में बर्ड फ्लू की....** मारने और उन्हें निष्पादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फार्म में जिन बर्तनों में पक्षियों का खाना दिया जाता था और जिन प्लेटफॉर्म पर पक्षी बैठते थे, उन्हें जला दिया गया है। एक माह पहले रांची के बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित वेटनरी कॉलेज के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू से चाइनीज नस्ल वाली गिनी पाउल पक्षियों की मौत हुई थी।

**बजट सत्र आज से, राज्यपाल....** जानकारी के अनुसार बजट सत्र के लिए 2939 प्रश्न मिले हैं। इसमें 1785 सवाल ऑनलाइन हैं और 1154 सवाल ऑफ लाइन हैं। इसमें 1448 तारांकित प्रश्न और 1491 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 118 ध्यानाकर्षण, 24 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल की 13 सूचनाएं भी प्राप्त हुई है। वहीं कांग्रेस की ओर से एक स्थगन प्रस्ताव भी मिला है।

**संसद के बजट सत्र का....** कर दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिम बंगाल में दूसरे राज्यों के मतदाताओं को वोट करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

इसके अलावा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक जैसे हो सकते हैं लेकिन उनकी भौगोलिक जानकारी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसे अन्य विवरण अलग-अलग हैं। इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को चुनाव आयोग से मिलने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना-यूबीटी सहित अन्य विपक्षी दलों को भी एकजुट किया है। केंद्र सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द से जल्द पारित कराना प्राथमिकता है।

# अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। जायसवाल ने एक बयान में कहा, हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में स्थित सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक, बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में 'भारत विरोधी' संदेश लिखकर तोड़फोड़ की गई। 'हिंदू विरोधी' संदेशों में 'हिंदू वापस जाओ' जैसे वाक्यांश शामिल थे, जिससे स्थानीय हिंदू समुदाय चिंतित हो गया। अमेरिका के लिए बीएपीएस के आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए कहा कि वे 'नफरत को कभी जड़ नहीं जमाने देंगे' तथा शांति और करुणा कायम रहेगी।

एक्स पोस्ट में, बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने लिखा, एक और मंदिर का अपवित्रीकरण, इस बार चिनो हिल्स, सीए में, हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चिनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय के साथ मिलकर, हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे।

### तोड़फोड़ की कांग्रेस ने भी की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्वामी नारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि घृणा और नफरत फैलाने वाले किसी भी कृत्य को कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कांग्रेस, कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करती है। इस तरह के घृणा और असहिष्णुता के कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और किसी भी सभ्य समाज में इनका कोई स्थान नहीं है।

# शीना बोरा हत्याकांड की सुनवाई फिर शुरू होगी

**मुंबई, एजेंसी।** बहुचर्चित एवं सनसनीखेज शीना बोरा हत्याकांड की सुनवाई पांच महीने से अधिक समय के अंतराल के बाद सोमवार 10 मार्च को फिर से शुरू होगी। बॉम्बे उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मुंबई की सत्र अदालत प्रतिदिन आधार पर सुनवाई करेगी। अभियोजन पक्ष ने नवंबर 2024 तक 93 गवाहों से पूछताछ की है। इसके बाद विशेष न्यायाधीश का तबादला हो गया, जिससे सुनवाई रुक गई। पिछले महीने नए न्यायाधीश की नियुक्ति की गई, जिसके बाद शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष से गवाहों की अंतिम सूची प्रस्तुत करने को कहा गया है। शीना की कथित जैविक मां इंद्राणी मुखर्जी इस मामले में मुख्य आरोपी हैं और उनके साथ सह-आरोपी संजीव खन्ना और पीटर मुखर्जी भी हैं। मुखर्जी का ड्राइवर श्यामवर राय, जो कि पूर्व सह-आरोपी था, इस मामले में सरकारी गवाह बन गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार इंद्राणी और उसके पूर्व पति संजीव खन्ना तथा ड्राइवर श्यामवर राय ने 24 अप्रैल, 2012 को कार में उसका गला घोंट दिया था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।